दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 294
कोटद्वार शुक्रवार
3 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# बजट प्रस्ताव और राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज बृहस्पतिवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान आगामी 13 मार्च से होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के के लिए राज्यपाल के बजट अभिभाषण और बजट प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट में 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वहीं, समूह ग भर्ती परीक्षा में अब साक्षात्कार नीं होंगे इसके लिए कैबिनेट ने नियमावली बनाने को मंजूरी दे दी है।

**ये प्रस्ताव हुए पास**

उत्तराखण्ड (सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 ( अधिनियम संख्या - 15 वर्ष, 1895) में उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में संशोधन। उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1901 ) की धारा-1 में संशोधन एवं धारा-233क में अन्तः स्थापन। अभिकर्ता/ प्रचारक (सार्वजनिक सेवायानों द्वारा यात्रा करने के लिये सवारियां इकट्ठी करने एवं टिकटों की बिक्री हेतु) नियमावली 2023 । मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की संशोधित गाइडलाइन जारी। अधीनस्थ कृषि सेवा नियमावली, 1993 को प्रतिस्थापित करते हुए नवीन नियमावली, 2023 के प्रख्यापन। जी-20 समिट से संबंधित कार्योंध प्रस्तावों की स्वीति के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी का गठन।

राजकीय होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टैक्नोलजी एंड एप्लाईड न्यूट्रीशन, देहरादून एवं अल्मोड़ा संस्थानों के लिए पूर्व में सृजित संगठनात्मक ढांचे को एआईसीटीई के मानकों के अनुसार पदों का सृजन एवं पुर्नगठन। सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 में संशोधन। उत्तराखंड परिवहन निगम के वर्ष 2009-10 से 2015-16 तक के वार्षिक लेखे एवं परीक्षा प्रतिवेदन विधान मंडल के पटल पर रखे जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि (संशोधन) नियमावली 2023। उत्तराखंड वन विकास निगम के वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक लेखों की सम्परीक्षा राज्य विधान सभा को प्रस्तुत किए जाने के संबंध में। राज्य की चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2022-23 में कय किये जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य निर्धारित किये जाने के संबंध में। भवन निर्माण एवं विकास उपविधि विनियम, 2011 (समय-समय पर यथा संशोधित) में विद्युत वाहन चार्जिग इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्राविधान किए जाने के संबंध में।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों को मानचित्र स्वीति से प्राप्त होने वाले विकास शुल्क की धनराशि के वितरण के संबंध में।

उत्तराखंड संविदा श्रमिक (विनियमन तथा उत्सादन) (संशोधन) नियमावली 2023। उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली 2023 के प्रख्यापन के संबंध में। स्टेट इंस्टीट्यूट अफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टैक्नोलजी एंड अप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी संस्थान के शैक्षिणिक स्टफ को एआईसीटीई के मानकों के अनुसार न्यूनतम प्रवेश वेतन अनुमन्य किए जाने के संबंध में। राज्य सरकार द्वारा फिल्म शीर्षक कश्मीर फाइल्स तथा श्सम्राट पृथ्वीराजश को राज्य के भीतर प्रोत्साहित किए जाने के क्रम में एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति किए जाने के लिए विचलन से अनुमोदित निर्णय को मंत्रिमंडल के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किए जाने के संबंध में। उत्तराखण्ड अन्वेषण प्रक्रिया नियमावली, 2022। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-1548/2021 विधानसभा क्षेत्र 45 गंगोलीहाट के अन्तर्गत नगर पंचायत बेरीनाग को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिया जाना है का प्रस्ताव।

प्राधिकरण क्षेत्रों के अंतर्गत महायोजना क्षेत्र में औद्योगिक भू-उपयोग में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए मानचित्र स्वीति में स्वप्रमाणन प्रक्रिया अपनाए जाने के संबंध में। आईफेड के वित्त पोषण से नई परियोजना-ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के ढांचे में संशोधन।

राज्य के विभिन्न श्रेणियों की भूमियों को विनियमित किए जाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इसके लिए मंत्रिमंडल की उपसमिति गठित करने के लिए सीएम को अधित किया गया है।

## पूर्वोत्तर चुनाव : नागालैंड, त्रिपुरा में भाजपा की वापसी, मेघालय में किया एनपीपी के साथ गठबंधन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय के चुनाव नतीजों की स्थिति अब लगभग साफ हो चुकी है. त्रिपुरा और नागालैंड में बीजेपी गठबंधन की सरकार आनी तय मानी जा रही है वहीं मेघालय में एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है काउटिंग में स्थिति लगभग साफ हो चुकी है नागालैंड में बीजेपी-एनडीपीपी गठबंधन को बहुमत मिल चुका है. वहीं त्रिपुरा के रुझानों में भी ठश्रच् को बहुमत मिल गया है, वहीं मेघालय के रुझानों में में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है. एनपीपी की तरफ से बीजेपी से समर्थन मांगी गई है. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनपीपी को समर्थन करने का आदेश राज्य यूनिट को दिया है.

नतीजों और रुझानों को लेकर बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पूर्वोत्तर में शांति और विकास के एजेंडे की सराहना कीक़ केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने पहली बार देखा है कि केंद्र ने क्षेत्र में शांति और विकास लाने के लिए कितनी बारीकी और ईमानदारी से काम किया है, चाहे वह राजमार्ग बनाने जैसी बड़ी परियोजनाएं हों या उन्हें पेयजल, मुफ्त राशन और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना हो. उन्होंने कहा कि केंद्र और पूर्वोत्तर के बीच पहले एक व्यापक अंतर था, लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दूरियों को खत्म कर दिया है. रिजीजू ने कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने देखा है कि कैसे भाजपा ने पुरानी समस्याओं को हल करके उनसे किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए काम किया है. भाजपा महासचिव तरुण चुग ने त्रिपुरा एवं मेघालय के शुरुआती नतीजों में भाजपा की शानदार बढ़त पर खुशी जताई और कहा कि पूर्वोत्तर में भाजपा प्रचंड जीत की ओर अग्रसर होते हुए कांग्रेस का सफाया करने जा रही है.

हालांकि मेघालय में भाजपा का प्रदर्शन हालांकि उम्मीद के मुताबिक नहीं दिख रहा है क्योंकि वह पहली बार सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद केवल तीन सीटों पर आगे है. त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में भी विधानसभा की 60-60 सीटें हैं.

## पौड़ी गढ़वाल में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.4 रही तीव्रता

**पौड़ी।** पौड़ी गढ़वाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फर सीस्मोलजी के अनुसार रिएक्टर स्केल पर तीव्रता 2.4 मापी गई। इससे पहले 20 फरवरी को उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 बताई गई थी।

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिली जानकारी के अनुसार पौड़ी गढ़वाल में आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल 2.4 मापी गई है। भूकंप के झटके से लोग भयभीत हैं। हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशनल सेंटर फर सीस्मोलजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 2.4 मापी गई है। इससे पहले 20 फरवरी को उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में तड़के भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई थी।

## हत्या मामले में पांच को उम्रकैद की सजा

**रुड़की।** खानपुर के दल्लावाला गांव के 24 वर्षीय युवक की हत्या के पांच साल पुराने मामले में लक्सर एडीजे कोर्ट ने पांच लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक आरोपी पर अलग अलग धाराओं में 49 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता भूपेश्वर ठकराल ने बताया कि नौ मई 2018 को दल्लावाला (खानपुर) निवासी योगेश उर्फ सोकेस (24) का दूसरे गांव के लोगों से विवाद हुआ था। इसमें दूसरे पक्ष ने मछली मारने के लिए बने नोक वाले भालों से गोदकर योगेश की हत्या कर दी थी। मृतक के पिता मांगेराम ने जोगावाला निवासी शमशेर अली, उसके भाई जमशेद अली पुत्रगण अली हसन व सत्तार पुत्र महमूद, फिरोज उर्फ फिरोजू, करीमुद्दीन व इसराइल पुत्रगण जमीरुद्दीन के खिलाफ खानपुर थाने में हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## उल्टी-दस्त से एक बच्चे की मौत

**उत्तरकाशी।** चिन्यालीसौड़ के इंद्रा गांव में एक 11 वर्षीय बच्चे की गुरुवार सुबह उल्टी-दस्त के कारण मौत हो गई। इस हादसे का कारण बच्चों को नियमित दी जानेवाली आयरन की गोली की भारी डोज माना जा रहा है। चिन्यालीसौड़ के इंद्रा गांव निवासी शैलेंद्र पंवार ने बताया कि गुरुवार सुबह प्रियांशु पंवार उम्र 11 वर्ष पुत्र राजेंद्र पंवार की उल्टी-दस्त के कारण मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि प्रियांशु जूनियर हाई स्कूल कंडई में कक्षा 6 का छात्र है।

### विजय संकल्प यात्रा का शुभारंभ कर रक्षा मंत्री ने कहा

## कर्नाटक को दक्षिण भारत का नंबर 1 राज्य बनाने की तैयारी



**कर्नाटक, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार से कर्नाटक दौरे पर हैं। इस दौरान बेलगावी में उन्होंने भाजपा की शविजय संकल्प यात्राश का शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्य पार्टी अध्यक्ष नलिन कुमार भी उपस्थित रहे।रक्षा मंत्री ने पार्टी के विजय संकल्प यात्रा का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में तमाम बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, श्हाल ही में जब एयर इंडिया ने बोइंग और एयरबस को 470 विमानों का अर्डर दिया, यह एविएशन इंडस्ट्री का सबसे बड़ा अर्डर था। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में काम करने वाली सभी एयरोस्पेस और सफ्टवेयर कंपनियों को भी इस आदेश से लाभ होगा।रक्षा मंत्री और भाजपा नेता राजनाथ सिंहने कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उहोने कहा, श्हर दिन कांग्रेस के युवा नेताओं को लन्च किया जाता है। वे इतना नीचे गिर गए हैं कि कहते हैं, मोदीजी, तेरी कब्र खोदी जाएगीय वे अपनी ही कब्र खोद रहे हैं। कांग्रेस जितना कीचड़ उछालेगी, उतना ही कमल खिलेगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बी एस येदियुरप्पा की सराहना करते हुए कहा कि बीएस येदियुरप्पा ने स्वास्थ्य कारणों से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बसवराज बोम्मई पिछले 15 वर्षों से कर्नाटक में सरकार चला रहे हैं।

बी एस येदियुरप्पा ने कई दशकों तक भूमिपुत्र के रूप में पार्टी और राज्य की सेवा की है। उन्होंने आगे कहा, श्पीएम मोदी की तरह बीएस. येदियुरप्पा चाहते हैं कि पांच साल के लिए फिर से कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बने ताकि कर्नाटक को अगले पांच साल में दक्षिण भारत का नंबर एक राज्य बनाया जा सके।

## सीएम धामी ने किया 'महिला भागीदारी को प्रोत्साहन' में प्रतिभाग




**देहरादून।** हम उस संसति के साधक हैं जहां पुरुष की परिकल्पना नारी के बिना अधूरी मानी जाती है। हमारे यहां जहां एक ओर अर्धनारीश्वर की पूजा की जाती है वहीं दूसरी ओर मां जगदम्बा को इस श्रृष्टि का मूल माना जाता है, यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ एवं 'महिला भागीदारी को प्रोत्साहन' में प्रतिभाग करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध होने वाली मानसिक और शारीरिक हिंसा की घटनाओं को सक्षम स्तर पर सूचित करते हुए रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को महिला सुरक्षा प्रहरी के रूप में जाना जाएगा तथा मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे व्यक्ति या समूह को विशेष अवसरों पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने दूसरी घोषणा की कि समाज की कुरीति बाल विवाह की पूर्व सूचना पुलिस को देने वाले या रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति या संस्था को दस हजार रूपये की राशि से पुरस्त किया जाएगा तथा इन कार्यों में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के ई-पेपर 'अपनी वाणी' का शुभारंभ किया एवं महिलाओं की आत्मरक्षा पर बनी लघु फिल्म का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को रोकने एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उत्ष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड की समस्त नारीशक्ति को नमन करते हुए महिला सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं।

यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है, उसे कोई रोक नहीं सकता। उत्तराखण्ड के निर्माण में महिलाओं ने अपना विशेष योगदान दिया है। एक ओर जहां प्रदेश की मातृशक्ति ने पूरे समाज को विपरीत परिस्थितियों में जीना सिखाया, जूझना सिखाया, वहीं दूसरी ओर हर परिस्थिति में जीतना भी सिखाया है। राष्ट्र-निर्माण में महिलाएं, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संसति में कहा गया है जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। परंतु कालांतर में आक्रांताओं के प्रभाव के कारण समाज का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदल गया,इसका परिणाम महिलाओं के साथ किए जाने वाले अपराधों के रूप में सामने आया। परंतु अब समय आ गया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मन में भय पैदा किया जाय। ऐसे लोगों को ऐसा दंड मिले कि ऐसा घृणित अपराध करने से पहले इसके परिणाम के बारे में सोचकर उनकी रूह कांप जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए मिलकर सभी प्रकार के प्रयत्न कर रही हैं। महिलाओं को होम-मेकर के साथ - साथ नेशन-मेकर के रूप में आगे बढ़ना होगा, तभी सही अर्थों में राष्ट्र का विकास संभव हो पायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा निरंतर प्रयास है कि महिलाओं के जीवन स्तर को जितना अधिक हो सके उतना ऊपर उठाया जा सके। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही 'मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना', मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूती प्रदान करने और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो या फिर सामाजिक न्याय की बात हो, हर क्षेत्र में महिलाओं को शक्ति संपन्न बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा बनाई जाने वाली नीतियों में महिलाएं हमेशा प्राथमिकता पर रही हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है, इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 01 लाख 76 हजार अंत्योदय कार्डधारकों को साल में तीन गैस सिलिण्डर मुफ्त दिये जा रहे हैं।

### पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना, कहा

## पहले की सरकारों को नहीं थी पूर्वोत्तर की चिंता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय पर संबोधित कर रहे हैं। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के बाद पीएम मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता ने हमें और हमारे सहयोगियों को आशीर्वाद दिया है। आम जनता को नमन करने का एक और अवसर आया है। आज के नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यस्था पर विश्वास मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा, इन राज्यों की जनता ने हमारे साथी सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में भाजपा के लिए कार्य करना कठिन नहीं है लेकिन पूर्वोत्तर में हमारे कार्यकर्ताओं ने दोगुनी मेहनत की है, उनके मेहनत की मैं सराहना करता हूं और धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा, यह चुनाव दिलों की दूरी समाप्त होने के साथ नई सोच का प्रतिबिंब है। अब पूर्वोत्तर न ही दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर। यह नया युग और नया इतिहास रचे जाने का पल है। चुनाव जीतने से ज्यादा मुझे संतोष है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बार-बार नर्थ ईस्ट जाकर के लोगों के दिलों को जीता।

उन्होंने आगे कहा, हमारे कुछ शुभचिंतक भी हैं जिन्हें इससे तकलीफ है कि आखिर भाजपा के जीतने का राज क्या है? अभी तक के परिणाम तक मैंने टीवी तो नहीं देखी और यह भी नहीं देखा कि ईवीएम को गाली पड़नी शुरू हुई है या नहीं।

इससे पहले पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के नतीजों पर ट्वीट करके पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं और वहां की जनता का आभार जताया था। त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य के विकास को बढ़ावा देना जारी रहेगा। त्रिपुरा के लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा, मुझे जमीनी स्तर पर शानदार प्रयासों के लिए त्रिपुरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व है।

नगालैंड में एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन के लिए एक और जनादेश देने के लिए पीएम मोदी ने लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, डबल इंजन सरकार राज्य की प्रगति के लिए काम करती रहेगी। मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के लिए सराहना करता हूं जिन्होंने इस परिणाम को सुनिश्चित किया।

वहीं, मेघालय चुनाव पर अपने ट्वीट में उन्होंने कहा, मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। उन्होंने कहा, हम मेघालय को विकास पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे और राज्य के लोगों को सशक्त बनाने पर फोकस करेंगे। मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयास के लिए उनका भी आभारी हूं।

## ड्रोन से टीबी की दवाईयां पहुंची यमकेश्वर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : एम्स ऋषिकेश के कार्यकारी निदेशक डॉ. मीनू सिंह के सुपरविजन में टेलिमेडिसीन के अन्तर्गत प्रायोजित कार्यक्रम में ड्रोन द्वारा गुरूवार को टीबी रोग की दवाईयां पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड यमकेश्वर के ग्राम जुड़ा में पहुंचायी गयी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि एम्स द्वारा प्रायोजित यह ट्रायल सफल रहा और आगे इस कार्य को धरातल पर लाते हुए ड्रोन से दवाएं भेजने का कार्य किया जायेगा, जिससे आकस्मिक स्थिति में यह योजना दुर्गम क्षेत्रों के लिये वरदान साबित होगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस ट्रायल की सफलता पर पौड़ी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम जनता को बेहतर सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से नवीनतम प्रयोग कर रही है। जिसके परिणाम स्वास्थ्य क्षेत्र में दिख रहे हैं।



ड्रोन से टीबी की दवाईयां यमकेश्वर भेजते हुए एम्स ऋषिकेश के अधिकारी और कर्मचारी।

# घोड़े-खच्चरों और संचालकों पर निगरानी रखने के लिए 30 पीआरडी जवानों की होगी तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी तरह से पशु क्रूरता न हो यह सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लागातार प्रयासरत है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी भी प्रकार से कोई क्रूरता न हो एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए विशेष एसओपी तैयार की है जिसे अनुमोदन के लिए शासन को प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों एवं उनके संचालकों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए 30 पीआरडी के जवानों की तैनाती की जा रही है, जिन्हें उचित प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है। आगामी यात्रा के संचालन में पशु क्रूरता की



रोकथाम हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने गुरुवार को जिला कार्यालय कक्ष में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पीपल फॉर एनिमल संस्था की सदस्य गौरी मौलेखी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी रही। गौरी मौलेखी ने कहा कि केदारनाथ यात्रा में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों की संख्या सीमित हो, किसी भी घोड़े-खच्चर के साथ किसी भी प्रकार की क्रूरता ना हो इसकी निगरानी के लिए उचित व्यवस्था बनाई जाए। उनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पर्याप्त डॉक्टरों की तैनाती की जाए एवं किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की क्रूरता पशुओं पर की जाती है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। पशुओं के रहने, खाने एवं पीने के पानी के लिए उचित व्यवस्था बनाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं की स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अनुभवी डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। घोड़े-खच्चरों को गुणवत्तापूर्ण फीड उपलब्ध करवाए जाने के लिए सभी घोड़े-खच्चर मालिकों के साथ एक कार्यशाला भी आयोजित की जानी प्रस्तावित है। इसके साथ ही महिला समूहों के माध्यम से हरा चारा उपलब्ध करवाने की योजना भी बनाई जा रही है। यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के लिए 13 स्थानों पर गर्म पानी की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के बीमा एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाए जाने के लिए मार्ग में 15 मार्च से कार्यशाला आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### मंत्री अग्रवाल ने की सड़क और गूल निर्माण हेतु 15 लाख की घोषणा

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने साहबनगर ग्राम सभा में सड़कों और गूल निर्माण के लिए 15 लाख रुपये विधायक निधि देने की घोषणा की है। साहब नगर स्थित पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पहले साहबनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए लोगों को इंतजार रहता था। मगर, उनके विधायक बनने के बाद इन 15 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों की सूरत बदली है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश को डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ मिल रहा है। प्रदेश की युवा धामी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है।

अग्रवाल ने कहा कि साहबनगर में उनके अथक प्रयासों से बाढ़ सुरक्षा कार्य, जंगली जानवर से राहत को कार्य, पथ प्रकाश की व्यवस्था, सड़क और पानी आदि मूलभूत सुविधाएं दी गई हैं।

## परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 रहेगी प्रभावी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आगामी रविवार (5 मार्च) को एकल सत्र में आयोजित होने वाली कनिष्ठ सहायक की परीक्षा का सफल संचालन कराने हेतु परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा उक्त बावत आदेश जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल ने अवगत कराया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2022 की परीक्षा 10 केंद्रों में आयोजित की जानी है। एकल सत्र में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्रों में धारा-144 को प्रभावी किया गया है। परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग की सीमांतर्गत 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें अटल उत्कृष्ट राइका रुद्रप्रयाग, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय रुद्रप्रयाग, श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल तिलणी रुद्रप्रयाग, राजकीय पालीटेक्निक रतूड़ा रुद्रप्रयाग, राजकीय इंटर कालेज रतूड़ा रुद्रप्रयाग, राजकीय इंटर कॉलेज नगरासू, अटल उत्कृष्ट राइका अगस्त्यमुनि, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि, चिल्ड्रन एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज अगस्त्यमुनि, एपीबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उलंघन करने पर विधि कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## ड्रोन शो ने किया दर्शकों को रोमांचित

ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तराखंड में पहली बार आयोजित ड्रोन शो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। योग की महत्ता और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की छवि आकाश में उभरी, तो गंगा तट तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

ड्रोन शो में योग के महत्व को दिखाने के साथ ही यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ आकाश में देवभूमि उत्तराखंड की छवि दिखाई गई। गुरुवार को मुनिकीरेती, कैलाशगेट स्थित गंगा रिजॉर्ट में चल रहे योग महोत्सव में ड्रोन शो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शो के दौरान दिखाया गया कि उत्तराखंड देवताओं की भूमि है, इस धरती पर देवों और गुरुओं का वास है। हरिद्वार, केदारनाथ देवप्रयाग, नंदप्रयाग, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्री विशाल और हेमकुंड साहिब इसे ज्ञान और मोक्ष की धरती बना देते हैं। यहां हर शिखर पर मंदिर हैं, हर नदी का संगम। उत्तराखंड की धरती तप की धरती है। यह तपोभूमि है, यह देवभूमि है, इसी संबोधन के साथ जब आकाश में ओंकार की आकृति उभरी तो शो में मौजूद हर शख्स की आंखें एकटक होकर इसे निहारती रह गईं। आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार किया गया यह शो पूर्णतया मेक इन इंडिया की पहल को आगे बढ़ाता दिखा। युवा प्रतिभाओं द्वारा तैयार किया गया ड्रोन शो ऋषिकेश की धरती पर पहली बार आयोजित किया। हालांकि आईआईटी कंपनी नई दिल्ली सहित कई अन्य सरकारी कार्यक्रमों में ड्रोन शो की प्रस्तुति दे चुकी है।पुष्पवर्षा से स्वामी शिवानंद का स्वागतः दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी महाराज के पावन सानिध्य में 126 वर्ष के पद्मश्री स्वामी शिवानंद महाराज का उत्तराखंड की टोपी, गंगा जल कलश, अंग वस्त्र, पुष्प हार पहनाकर उत्तराखंड आगमन पर गंगा रिजॉर्ट में पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। आचार्य बिपिन जोशी ने महाराज की दीर्घायु की कामना करते हुए उनको योग का पितामह बताया। इस अवसर पर जीतानंद महाराज, नाद योगी अनुरागी, योगाचार्य शिवम गोस्वामी सहित काफी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

### तीन दिन से लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

विकासनगर। कालसी तहसील क्षेत्र के ललऊ गांव निवासी एक युवक 28 फरवरी को स्कूटर से अपने पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने गया था। जिसके बाद युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता युवक के बहनोई ने कालसी थाने मे तहरीर देकर बताया कि उसका साला 28 फरवरी से लापता है। जिसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। लापता युवक का स्कूटर छिबरों पावर हाउस के पास से बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि एसडीआरएफ, जल पुलिस व कालसी थाना पुलिस युवक को टोंस नदी में तलाश रही है। उधर चकराता के विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने भी पुलिस को तत्काल लापता युवक का पता लगाने के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं।

## विकासनगर में निकली काँग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

विकासनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को विकासनगर मुख्य बाजार में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई। गीता भवन से शुरू हुई यात्रा व्यापारियों से संवाद स्थापित करते हुए बाबूगढ़ चुंगी तक पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य अपनी बात कहना नहीं बल्कि जनता की बात सुनना है। जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से परेशान तो है, लेकिन केंद्र सरकार की दहशत के चलते जनता खुलकर कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है। भाजपा सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों का उत्पीड़न करती है। इस उत्पीड़न का शिकार होने से बचने की कोशिश जनता कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा



कि स्थानीय निवासी नरेंद्र सिंह, विकास दुबे, सुनीता, राजेश्वरी, पूनम देवी, चंचल आदि ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उनके परिवार के कई लोग अपना रोजगार गंवा चुके हैं, जबकि जो लोग रोजगार कर रहे हैं, उनकी शिकायत है कि आज भी सैलरी नहीं बढ़ी है, जबकि खर्चे बेइंतहा बढ़ गए हैं। सरकार गरीबों के बारे में नहीं सोच रही है। इसलिए आने वाले समय में लोग सोच–समझ कर निर्णय लें। जनता की समझ और निर्णय से ही स्थितियों को बदला जा सकता है। इसके बाद यात्रा बाबूगढ़ चुंगी से धर्मावाला पहुंची। जहां कांग्रेस ने नुक्कड़ सभा आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस की जिला कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश पर कर्ज बढ़कर तीन गुना हो गया है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। जिला महासचिव राजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में एक बार रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा नेता सिलेंडर सिर में रख कर प्रदर्शन कर रहे थे।

## एक नजर

### बैंक कस्टमर केयर एजेंट बताकर ठगे 63 हजार

ऋषिकेश। गुमानीवाला की महिला को अज्ञात शख्स ने मोबाइल पर कॉल की। खुद को बैंक कस्टमर केयर का एजेंट बताया। झांसा देकर ऑनलाइन दो एप्लीकेशन डाउनलोड कराई और इसके बाद ओटीपी भेजकर बैंक खाते से करीब 63 हजार रूपये की रकम साफ कर दी। धोखाधड़ी होने पर पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अब अज्ञात ठग की पहचान के प्रयास में जुटी है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक रेखा भंडारी पटवाल निवासी अमितग्राम, गुमानीवाला, ऋषिकेश के साथ यह ऑनलाइन जालसाजी की घटना हुई। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर बैंक का कस्टमर केयर एजेंट बताने वाले शख्स ने एनीडेस्क और कस्टमर सपोर्ट एप डाउनलोड कराई थी। बातचीत के दौरान ठग ने कॉल के बीच ही एक ओटीपी नंबर भेजा, जिसके बताने के महज कुछ देर बाद ही बैंक खाते से 63 हजार सात रूपये कट गए। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि अज्ञात ठग के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और आईटी ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। महिला से ठगी गई रकम की रिकवरी की कोशिशें जारी हैं। अज्ञात की पहचान के लिए पुलिस की साइबर सेल टीम की मदद ली जा रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधान और सतर्क रहने की अपील की है।

### प्रशिक्षु जवानों ने लिया डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण

ऋषिकेश। एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय जौलीग्रांट में सिविल पुलिस, पीएसी और आईआरबी के 21 प्रशिक्षुओं ने 15 दिवसीय बेसिक डिजास्टर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण लिया। समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जवानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 15 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन की आधारभूत जानकारी दी गई। साथ ही आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य करने का अभ्यास कराया गया। बेसिक जानकारी में एसडीआरएफ द्वारा मेडिकल फर्स्ट रेस्पांडर, कॉलेप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू, रोप रेस्क्यू इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार ने बताया कि सिविल पुलिस का कार्य क्षेत्र राज्य में व्यापक है। किसी घटना पर सबसे पहले सिविल पुलिस ही रेस्क्यू के लिए आगे आती है। इस दशा में यदि थाने का एक जवान भी प्रशिक्षित होगा तो क्षेत्र में घटित होने वाली किसी भी छोटी–बड़ी आपदा या दुर्घटना में त्वरित रिस्पांस के साथ अधिक से अधिक लोगों को बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण टीम में इंस्पेक्टर प्रमोद रावत, अपर उप निरीक्षक अनूप रमोला, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, उमेश भट्ट, कांस्टेबल सुरेश मलासी, जगदीश सिंह, यशवंत सिंह आदि रहे।

# भराडीसैंण में सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबन्द करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बृहस्पतिवार को भराडीसैंण में सभी नोडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेते हुए मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सत्र की व्यवस्थाओं के लिए नामित सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबन्द करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा परिसर, वीवीआईपी, वीआईपी एवं अधिकारियों के आवास, हैलीपैड एवं बैरिकेडिंग स्थलों का निरीक्षण भी किया। भराडीसैंण में आगामी 13 से 18 मार्च तक विधानसभा का बजट सत्र होना है।

जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, आवास, भोजन, पेयजल, विद्युत, वाहन, साफ सफाई आदि समुचित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। सत्र के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। सिंगल यूज



प्लास्टिक का इस्तेमाल किसी भी दशा में ना किया जाए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार से चूक नही होनी चाहिए। बजट सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग, वाच टावर, बैरियर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा बलों के लिए आवास, भोजन आदि समुचित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने को कहा। जल निगम को विधानसभा के सभी आवासों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए। जल संस्थान को सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पेयजल टैंकर की समुचित व्यवस्था सहित हैलीपेड एवं सडक पर पानी का छिडकाव करने को कहा। सत्र के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए विद्युत विभाग को वैकल्पिक व्यवस्थाओं का भी पुख्ता इंतेजाम रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दूर संचार विभाग को विधानसभा भवन, सचिवालय, वीआईपी आवास, मीडिया सेल आदि प्रमुख स्थलों पर वाई–फाई एवं नेटवर्क की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

गौचर, भराडीसैंण, सलियाना बैंड स्थित हैलीपैंडों में फायरब्रिगेड, एम्बुलेंस, सेफहाउस, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाएं की जाए। गौचर, कर्णप्रयाग, सिमली एवं गैरसैंण स्थित सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ डीजल व पेट्रोल रिजर्व में रखने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। सत्र के लिए वाहनों की समुचित व्यवस्था हेतु परिवहन अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, एसडीएम कमलेश मेहता, तहसीलदार सुरेन्द्र देव आदि सहित भोजन, आवास, पेयजल, विद्युत, सफाई, वाहन आदि व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल, प्रभारी एवं सहायक अधिकारी मौजूद थे।

## मयाली में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस सड़क पर

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस कार्यकर्ता ने मयाली बाजार में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता का जीना दूभर हो गया है। लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता बेहाल है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी ने कहा है कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी होली से पहले मोदी सरकार द्वारा जनता को तोहफा करार दिया। कहा कि अब घरेलू गैस सिलेंडर पर 50 रुपये अतिरिक्त बढ़ा दिए और इसके साथ ही कॉमर्शियल सिलेंडरों में भी 350 रुपये का इजाफा किया गया है। ऐसे में होटलों, ढाबों में खाना महंगा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि आम जनता पूरी तरह महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। एक सिलेंडर की कीमत बढ़ने से न सिर्फ गृहस्थी का बजट बिगड़ेगा बल्कि अन्य वस्तुओं पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता ने कहा कि ये कीमत बढ़ना आम जनता के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। कहा कि पिछले दो वर्षों में ही मोदी सरकार की ओर से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 100 दिनों में महंगाई कम करने का वादा करके सत्ता में आए थे ,लेकिन प्रधानमंत्री कीमतों को कम करने में बुरी तरह विफल रहे हैं।

### रायवाला में चोरों की पुलिस को चुनौती

ऋषिकेश। रायवाला क्षेत्र में चोर बेखौफ चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में अब कार चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरों की पहचान और कार की बरामदगी के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों का सहारा ले रही है। दावा है कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक ग्रामसभा हरिपुरकला स्थित उमा विहार में घर के बाहर संजय पुत्र लक्ष्मी चंद ने कार खड़ी की थी। रात के वक्त कार घर के बाहर ही थी, लेकिन सुबह मौके से कार गायब थी। आसपास तलाश के बावजूद संजय को कुछ पता नहीं चला, तो वह सीधे थाने पहुंचे। शिकायत देकर कार चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## गैस के दाम बढ़ाने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

नई टिहरी। रसोई गैस के दाम बढ़ने पर यूथ कांग्रेस व कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद मुख्यालय के हनुमान चौक पर भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर पूतला फूंकते हुए रसोई गैस के दाम घटाने की मांग की। वक्ताओं ने इस मौके पर कहा कि देश में अंबानी व अंडानी की सरकार चल रही है। जो गरीबों पर बेहताशा महंगाई लादने का काम कर रही है।




गुरुवार को हनुमान चौक पर यूथ कांग्रेस व कांग्रेस ने संयुक्त रूप से रैली निकालने के बाद भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ रसोई गैस के दाम बढ़ाने पर जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा की यूपीए की सरकार में रसोई गैस का सिलेंडर साढ़े चार सौ रूपये का था, उस दौरान भाजपा के नेता दस–बीस रुपये दाम बढ़ने पर आसमां सर पर उठाते थे। बीते नौ सालों में गैस के दाम तीगुने के निकट पहुंच गये हैं। आज सिलेंडर 1200 रुपये का हो गया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर 2200 तक पहुंच गया है। जिससे गरीबों को दो वक्त का खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार मात्र उद्योगपतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। देश के गरीबों का पैसा अडानी व अंबानी की कंपनियों को आगे बढ़ाने के लिए दिया जा रहा है। जिसका सारा बोझ महंगाई बढ़ाकर गरीबों पर डाला जा रहा है।

रसोई गैस व पेट्रोल–डीजन के बढ़ते दामों के चलते खाद्य सामग्री लगातार महंगी हो रही है। जिससे देश की गरीब जनता त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार पर इसका कोई प्रभाव नहीं है। प्रदर्शन करने के बाद यूथ कांग्रेस व कांग्रेस ने केंद्र व राज्य सरकार का पूतला फूंकते तत्काल रसोई गैस के दाम करने की मांग है।

## गोपेश्वर में गैस के दाम बढ़ाने का विरोध किया

चमोली। गोपेश्वर में कांग्रेसियों ने गुरुवार को घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर सरकार से वृद्धि वापस लेने की मांग की।

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के खिलाफ मुख्य तिराहे पर नारेबाजी, प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा सरकार में आम जनता का महंगाई से जीना दूभर हो गया है। अमीरों की तिजोरी भर रही है और जनता की जिन्दगी मुश्किल हो गयीं है। मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व पीसीसी सदस्य अनिल कठैत, जिला उपाध्यक्ष दीवान सिंह बिष्टं, जिला महामंत्री हरेंद्र राणा/ महेन्द्र नेगी, जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह रावत, भगत कनियाल, धीरेन्द्र गरोडिया, महिला कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष उमा रावत, जिला सचिव संदीप झिंक्वाण, वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जिला महामंत्री मनीष नेगी, जगत लाल, कुंवर सिंह भंडारी, यूथ जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित अनुजाति महिला जिलाध्यक्ष विनीता देवी, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री जयवीर नेगी, गोपाल रावत, पुष्कर सूरी, सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बर्त्वाल, विक्रम नेगी, रमेश टम्टा, बी पलेठा, शम्भू लाल, अनुजाति जिला उपाध्यक्ष दर्शन लाल, सेवादल जिला महामंत्री कैलाश झिंक्वाण, नगर अनुजाति अध्यक्ष मदनलाल, न्याय पंचायत अध्यक्ष दर्शन झिंक्वाण, महिपाल लाल आदि शामिल रहे।

### सीओ ने किया रायवाला थाने का निरीक्षण

ऋषिकेश। पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश दिनेश चंद्र ढौंढियाल ने गुरुवार को रायवाला थाने का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाने का आगंतुक रजिस्टर मेंटेन नहीं होने पर नाराजगी जताई। अधीनस्थों को रजिस्टर मेंटेन करने और बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए सुझाव भी दिए। सीओ ने शस्त्रों का रखरखाव और रजिस्टरों व दस्तावेजों की व्यवस्था भी परखी। लंबित वादों की जानकारी ली।

## रसोई गैस की बढ़ी कीमत पर कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

उत्तरकाशी। रसोई गैस की कीमत बढ़ने पर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरोला मुख्य बाज़ार तिराहे पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने जमकर भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि रसोई गैस की कीमतें बढ़ने से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। पुतला दहन कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस धीरेंद्र नेगी व नगर अध्यक्ष कवींद्र असवाल ने भाजपा की सरकार पर महाभ्रष्टाचारी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर कदम पर जनता के साथ धोखा व छलावा कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर चली गयी। वहीं दूसरी ओर आमजन की मूलभूत चीजों पर लगातार मंहगाई की मार पड़ रही है जो सरकार की विफलताओं का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने भाजपा को जनविरोधी व विकास विरोधी सरकार बताया। कहा कि इनकी करनी व कथनी में जमीन आसमान का फर्क है। पुतला दहन करने वालों में जयेंद्र सिंह रावत, विहारी लाल शाह, अंकित पंवार, रोजी सिंह सौंदाण, गजेंद्र नेगी, नारायणी देवी, जगवीर सिंह, अम्बिका हरण, यशोदा, मनीता, अतरी देवी, सुलोचना, निर्मला शाह, सुशीला देवी आदि थे।

# दिनदहाड़े युवती का हुआ अपहरण, भरे बाजार में मचा हड़कंप

◆नजीबाबाद रोड-स्टेशन रोड के मध्य हुई घटना, कार में सवार थे युवक
◆सीसीटीवी फुटेज में कार की पहचान होने के बाद भी भटकती रही पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** कोटद्वार शहर में अपराधियों को कानून का कोई भय नहीं रह गया है। गुरुवार सुबह दिनदहाड़े एक कार में सवार दो युवक बाजार चौकी से चंद कदम की दूरी पर नजीबाबाद-स्टेशन रोड के मध्य से एक युवती का अपहरण कर ले गए।

फिल्मी स्टाइल में हुई इस घटना से भरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। युवती के साथ मौजूद उसकी चाची ने बाजार चौकी में पहुंचकर घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। घंटो बाजार चौकी में बैठकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार की पहचान तो की। लेकिन, देर शाम तक भी अपहरण करने वाले कोटद्वार पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके।

उत्तर प्रदेश वन विभाग में तैनात मुरादाबाद निवासी युवती अपनी चाची के साथ कोटद्वार स्टेशन रोड में एटीएम से पैसे निकालने के लिए जा रही थी। इसी दौरान नजीबाबाद रोड की ओर से तेज रफ्तार में आई कार में सवार दो युवकों ने युवती का हाथ पकड़ा और उसे कार के अंदर बैठकार फरार हो गए। युवती के साथ मौजूद उसकी चाची चिल्लाते हुए बेटी के अपहरण की बात कहने लगी। जिसके बाद आसपास मौजूद कुछ लोगों ने कार का पीछा भी किया। लेकिन, कार सवार फरार हो गए। इसके बाद रोते हुए बाजार चौकी में पहुंची युवती की चाची ने पूरी घटना पुलिस को बताई। युवती की चाची ने बताया कि उनकी भतीजी उत्तर प्रदेश वन विभाग में कार्यरत है। उसने कोटद्वार के एक मोहल्ले में किराए पर कमरा लिया हुआ है। बताया कि गुरुवार सुबह वह स्टेशन रोड में पैसे निकालने के लिए एटीएम की तलाश कर रहे थे। लेकिन, कार सवार दो युवक उसका अपहरण कर ले गए। बाजार चौकी इंचार्ज प्रद्युमन नेगी ने बताया कि मामले में स्वजनों की ओर से किसी भी तरह की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि 29 मार्च को युवती की शादी प्रस्तावित है। पूरे मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। युवती की चाची का कहना है कार में युवती का परिचित एक युवक भी मौजूद था। उन्हें अंदेशा है कि युवक उसे अपने साथ ले गया है। देर शाम तक भी पुलिस युवकों तक नहीं पहुंच सकी।

वहीं, भरे बाजार हुई इस घटना से शहर में हड़कंप मचा हुआ था। शहरवासी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे थे। लोगों का कहना था कि जब बाजार चौकी से चंद कदम की दूरी पर ही इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो अन्य स्थानों का क्या हाल होगा।



कोटद्वार बाजार चौकी में अपहरण की घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज तलाशती पुलिस

## एसडीएम लैंसडौन को सौंपी दुर्घटना की जांच

**पौड़ी** : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल ने रिखणीखाल तहसील के बसड़ा-अमडण्डा मोटर मार्ग में बीती 6 फरवरी को ग्राम अमडण्डा मल्ला के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि जनपद के रिखणीखाल तहसील क्षेत्रान्तर्गत 6 फरवरी 2023 को बसड़ा-अमडण्डा मोटर मार्ग में ग्राम अमडण्डा मल्ला के पास वाहन दुर्घटना होकर ऊपर की सड़क से नीचे की सड़क पर गिर गया था, जिसमें चालक सहित 6 व्यक्ति सवार थे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में 2 व्यक्तियों की मृत्यु, 3 व्यक्ति घायल व 01 व्यक्ति को हल्की खरोंचे/चोटें आई हैं। डीएम ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिलाधिकारी लैंसडौंन को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने संबंधित जांच अधिकारी को वाहन की मजिस्ट्रीयल जांच 15 दिवस के अंदर पूर्ण करते हुए जांच आख्या जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

## नगर निगम में 96 लाख से ज्यादा का गबन करने के दो आरोपी गिरफ्तार, लंबे समय से थे फरार



**कोटद्वार** : कोटद्वार नगर निगम में लाखों रुपये के गबन व घोटाले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मास्टरमाइंड लेखा लिपिक पंकज रावत, सुमिता देवी व अभियुक्त कुलदीप सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। जिसके चलते पुलिस कई जगहों पर दबिश दे रही थी। गुरुवार को टीम ने अहसान पुत्र अकबर निवासी आमपड़ाव थाना कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल व नीरज रावत पुत्र सुरेन्द्र सिहं निवासी सिताबपुर थाना कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल को गिरफ्तार किया है।बता दें कि हाल ही में 96.35 लाख रुपये के घोटाले में भी मास्टर माइंड लेखा लिपिक पंकज रावत समेत सात लोगों के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में तत्कालीन नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी ने पंकज रावत, ठेकेदार एहसान अहमद, नीरज रावत, अहसान, राजपाल सिंह, सुमिता देवी और रमेश चंद्र चौधरी के खिलाफ तहरीर दी थी। इन लोगों ने 23 चेकों के माध्यम से 96.35 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त किया जिसकी पूर्व में विभागीय जांच सहायक नगर आयुक्त कर चुके हैं। जांच रिपोर्ट में नगर निगम के खातों से 96,34,860 रुपये की धनराशि के अवैध रूप से भुगतान होने की पुष्टि हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि अभियुक्त अहसान व नीरज रावत फरार चल रहे थे। चूँकि प्रकरण सरकारी धन के गबन से सम्बन्धित था जिस कारण अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस के लिये चुनौती बनी हुई थी।

# डीएम ने नवनिर्मित गोदाम का किया निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला मुख्यालय स्थिति ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी मॉनिटर, गोदाम के तालों, अग्निशमन यंत्रों व पुलिस गार्द कक्ष का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नवनिर्मित ईवीएम गोदाम के अन्तिम कार्यों को शीघ्र पूरा करते हुए स्थानान्तरण की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिये हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी ने ईवीएम गोदाम के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि गोदाम में जो भी कार्य अन्तिम रुप से किये जाने है उन्हें प्राथमिकता से पूरा करते हुए गोदाम को निर्वाचन विभाग को स्थानान्तरित करना सुनिश्चित करें। गोदाम के बाहर रखी बालू की खाली बाल्टियों को देख जिलाधिकारी ने इसे बालू से भरवाने के निर्देश दिये है। इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी मॉनीटर, गोदाम के तालों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम के सभी सुरक्षा ताले जांच पड़ताल में सही पाये गये।



नवनिर्मित गोदाम का निरीक्षण करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

## शहीद के नाम पर हो सड़क

पौड़ी : जनपद के कोला गांव के मूल निवासी और वर्तमान में सहसपुर विधानसभा क्षेत्र निवासी शहीद अमित कुमार अणथ्वाल के परिजनों ने सहसपुर विधायक से मुलाकात करते हुए देहरादून के भाववाला चौक से शहीद अमित कुमार अणथ्वाल के आवास तक शहीद के सम्मान में सड़क का नाम करने की मांग की है।गुरुवार को शहीद अमित कुमार अणथ्वाल की मां भगवती देवी अणथ्वाल ने सहसपुर विधानसभा के विधायक सहदेव पुंडीर से मुलाकात की। इस दौरान उनकी माता ने विधायक को बताया कि 4-5 अप्रैल 2020 को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। कहा कि वह हमारा इकलौता पुत्र था। कहा कि अमित की शहादत पर पूरे क्षेत्र को गर्व है और इस मार्ग का नाम अमित के नाम से रखने पर गौरव की अनुभूति करेंगे।

# शहर की समस्याओं पर भड़का नागरिक मंच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। आक्रोशित सदस्यों ने जल्द ही आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता पिछले कई वर्षो से लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग उठा रही है। कुछ वर्ष पूर्व मार्ग पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। लेकिन, अब लंबे समय से यह कार्य अधर में लटका हुआ है। कहा कि कुछ लोग न्यायालय का सहारा लेकर निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं। बावजूद इसके सरकार न्यायालय में मजबूत पैरवी नहीं कर रही। गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने उक्त मार्ग का मुद्दा लोकसभा में भी उठाया था। इसके बाद भी मार्ग निर्माण की अनदेखी हो रही है। वहीं, पाखरो के लिए बनाई गई टाइगर सफारी योजना भी धरातल पर रंग नहीं ला पा रही है। बैठक में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया गया। कहा कि स्टाफ के अभाव में अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल में करोड़ों की लागत से लगाई गई मशीनें धूल फांक रहे हैं। मंच के महासचिव अतुल भट्ट ने नगर निगम में चल रही लाइब्रेरी को बेहतर स्थान पर खोलने की मांग उठाई। कहा कि वर्तमान में नगर निगम परिसर के दूसरे भवन में लाइब्रेरी चल रही है। ऐसे में आमजन को लाइब्रेरी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मौके पर विपुल उनियाल, देवव्रत काला, गोविंद डंडरियाल, वीरेंद्र गुसाईं, राकेश कोठारी, भारत भूषण शर्मा, हेवव्रत काला, पूरण सिंह रावत, राकेश लखेड़ा, शंकर दत्त, विद्या सागर, महावीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## चौड़ा-मैखोली-देवराड़ी-कठूरखाल लिंक मोटर मार्ग निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** थलीसैंण ब्लाक के बिनसर महादेव मंदिर में देश-विदेश से आने वाले भक्तों को अब दर्शन करने में आसानी होगी। गड़ोली पुल से चौड़ा-मैखोली-देवराड़ी-कठूरखाल लिंक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य द्वितीय चरण स्टेज प्रथम की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है।

स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक डा. धन सिंह रावत ने राज्य योजना के तहत श्रीनगर विधानसभा के थलीसैंण ब्लाक के गड़ोली पुल से चौड़ा-मैखोली-देवराड़ी-कठूरखाल लिंक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य द्वितीय चरण स्टेज प्रथम की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति करा दी है। जिसकी लागत एक करोड़ 65 लाख 11 हजार है और लंबाई 4.80 किलोमीटर की है। डा. धन सिंह रावत ने बताया कि लगभग 5 किलोमीटर की रोड बन जाने से देश–विदेश से आने वाले भक्तों को अब बिनसर महादेव मंदिर के दर्शन करने आसान हो जाएंगे। इससे पहले भक्तों को 30 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय करनी पड़ती थी।

चौथान क्षेत्र की जनता को 5 किलोमीटर लंबी रोड की सौगात देने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए कैबिनेट मंत्री का आभार जताया है। आभार जताने वालों में थलीसैंण मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनवर सिंह बिष्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, चौंडा के दीवान सिंह, दैलड़ा के धन सिंह, मोहन सिंह, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह आदि शामिल रहे।

## मंहगाई के विरोध में कांग्रेस ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

**पौड़ी** : रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। गुरुवार को पौड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पौड़ी में कांग्रेसियों ने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी कर रही है जिससे आम लोगों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि कांग्रेस के समय में जो गैस सिलेंडर 465 का था वह आज 1150 से भी ज्यादा का हो गया है। सरकार द्वारा वाणिज्यक सिलेन्डर में भी 350 की भारी बढ़ोत्तरी की गई है। जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रदर्शन करने वालों में श्रीकांत, वीर प्रताप, भरत सिंह, युद्धवीर सिंह, उपेंद्र, रेखा भंडारी, भगवती देवी, भूपेंद्र टम्टा आदि शामिल थे।

# होली त्योहार में डाला खलल तो होगी कार्रवाईः सुयाल



कोटद्वार में पीस कमेटी की बैठक लेते एएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने आमजन से होली का त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

कोटद्वार कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक लेते हुए एएसपी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि होली के पर्व पर उपद्रव करने वालों के विरुद्ध पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। त्योहार मिल-जुल कर खुशियों के साथ मनाए। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस विशेष नजर रखेगी। उन्होंने आमजन से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सहयोग की भी अपील की। कहा कि होली त्योहार में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। शहर के संदिग्ध इलाकों को चिह्नित कर वहां पुलिस कर्मियों की तैनाती करवाई जाएगी। माहौल खराब करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। कहा कि व्यवस्थाओं में खलल डालने वालों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खाई में गिरी कार, दो घायल

**पौड़ी** : काशीपुर-बुआखाल नेशनल हाईवे 121 पर गुरुवार सुबह एक कार के 80 मीटर नीचे खाई में गिर जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को सीएचसी बीरोंखाल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

सीएचसी प्रभारी डॉ शैलेन्द्र रावत ने बताया कि दोनों घायलों को गंभीर चोट होने से रामनगर, काशीपुर रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोहन लाल पुत्र केशरी लाल ग्राम मंगरों और बृजमोहन पुत्र घनश्याम ग्राम बुलणगांव गुरुवार सुबह 10 बजे मैठाणाघाट बाजार से बीरोंखाल आ रहे थे। पॉलीटेक्निक बीरोंखाल के समीप चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खो देने से कार बुआखाल हाईवे से नाकुरी-रिखणीखाल मोटरमार्ग पर जा गिरी, जिसमें यहां दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए।

# स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल की ओर से आयोजित एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवियों ने ग्रामीणों को भी सफाई का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डा.महेश चंद्र आर्य ने किया। स्वयं सेवकों ने सुबह उठकर शारीरिक व्यायाम किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सुंद्रोली के परिसर में पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया।

परिसर के आसपास झाड़ी-कटान के साथ ही तारबाड़ की गई। स्वयं सेवकों ने प्राथमिक विद्यालय सुंद्रोली के बच्चों को भी पढ़ाया।

दोपहर भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में प्रशांत व मीरा रावत द्वारा स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों व उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा गांव भर में स्वच्छता अभियान पर एक रैली निकाली गई। सभी ग्रामवासियों को स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर डा. प्रशांत, डा. मीरा, कृष्ण, सतेंद्र सिंह, यतेंद्र, गांधी सिंह आदि मौजूद रहे।



शिविर के दौरान अभियान चलाते स्वयं सेवी

# संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** होली के त्यौहार को देखते हुए उप जिलाधिकारी श्रीनगर अजयवीर सिंह ने पुलिस व व्यापार मंडल के साथ बैठक कर त्यौहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि होने पर सूचना तत्काल पुलिस को दें।

उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने भारतीय संस्कृति के लिए त्योहारों के महत्व के साथ-साथ होली के त्यौहार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि श्रीनगर के समस्त वासी व तहसील श्रीनगर के क्षेत्र अंतर्गत जनमानस जिम्मेदारी पूर्वक शांति और सौहार्द के साथ होली का त्यौहार मनाएंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित व्यापारियों से कहा कि आगामी होली पर्व के दौरान अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से सुचारू रखें।

साथ ही उन्होंने होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के व शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी स्टेकहोल्डर व जनमानस से सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीनगर देवेंद्र असवाल, व्यापारी मुकेश अग्रवाल, हिमांशु, वासुदेव कंडारी, जगदीप रावत सहित अन्य उपस्थित थे।

# एचपीसीएल कंपनी की मनमानी के खिलाफ वाहन चालकों ने धरना प्रदर्शन कर रोकी सप्लाई



सितारगंज। सिडकुल स्थित एचपीसीएल कंपनी में फ्यूल सप्लाई करने वाले वाहन चालकों ने कंपनी के गेट के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सप्लाई रोक दी है। उनका कहना है कि कंपनी उप महाप्रबंधक द्वारा उनकी समस्या की सुनवाई न करके बल्कि बेइज्जती की गई और चालक को बेइज्जत करके बाहर भेज दिया गया। उनका आरोप ये भी है कि कंपनी के प्लांट हेड द्वारा उनके साथ अच्छा बर्ताव नही किया जाता और जब वाहनों में फिलिग की जाती है तो भले ही उसकी डेन्सिटी माप से फ्यूल का तापमान 25 या 30 हो लेकिन चालकों को जो इनवॉइस काट कर दी जाती है उसमें तापमान 15 लिखा जाता है। इसका नुकसान चालको को ये होता है कि जब पर्वतीय क्षेत्र या अन्य क्षेत्र में फ्यूल सप्लाई डीलर को दी जाती है तो वहाँ का तापमान 15 से भी कम हो जाता है जिससे कि डेन्सिटी में फ्यूल का माप कम आता है और चालकों पर फ्यूल चोरी का आरोप भी लगता है साथ ही उसके नुकसान का भुगतान चालकों को करना पड़ता है। जबकि दूसरी ओर एचपीसीएल कंपनी प्रबंधन से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना है वह मानकों के आधार पर किया जाता है जिसमें हम कुछ नहीं कर सकते। और कंपनी के उप महाप्रबंधक दीपक कौशिक ने यह कहा कि उनके द्वारा किसी चालक को कैसे धमकाया जा सकता है जबकि चालकों ने कार्य मेरे आने से पहले ही स्थगित कर रखा था। वाहन चालकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा स्वयं का लाभ कर चालकों का शोषण किया जा रहा है। जिसके लिए वे संबंधित सरकारी अधिकारी से भी मिलकर कार्यवाही की मांग करेंगें। कुल मिलाकर कार्य स्थगित होने से खाद्य आपूर्ती राजस्व का भी नुकसान हो रहा है । खबर लिखे जाने तक सप्लाई शरू नही हुई है।

## पालिकाध्यक्ष ने दिव्यांग को दी ट्राईसाइकिल

रुद्रपुर। पालिकाध्यक्ष ने मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद दिव्यांग हुए व्यक्ति को ट्राईसाइकिल सौंपी। इसके बाद दिव्यांग व्यक्ति ने पालिकाध्यक्ष को गले लगा कर आभार जताया। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कुछ साल पहले मलपुरा वार्ड दो निवासी शम्स अहमद सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसके कारण वह चलने–फिरने से पूरी तरह असमर्थ हो गए। कहा शम्स अहमद ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन कर ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की बात कही थी। बताया उन्होंने शम्स अहमद को अपनी निजी धनराशि से ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई है। यहां विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, गुड्डू तिवारी, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, राजू प्रधान रहे।

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण करे: डीएम

अल्मोड़ा। जिला सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडा बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए डीएम वंदना ने कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण की रोकथाम को नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रो का निरीक्षण करने के अधिकारियों और सदस्यों को निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण की रोकथाम को अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम के अतिरिक्त पंजीकृत मेडिकल स्टारों का भी निरीक्षण कर पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत निर्धारित प्राविधानों व निर्देशों की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि जिले में इसके उल्लघंन संबंधी कोई प्रकरण नहीं होना चाहिए। बैठक में डीएम ने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुद्दढ़ करने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यहां सीएमओ डॉ. आरसी पंत समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# अराजक तत्वों ने लगाई रैखोली के जंगल में आग



बागेश्वर। जिले के जंगल लगातार सुलग रहे हैं। अराजक तत्वों ने फिर पौड़ीधार, रैखोली के जंगल में आग लगा दी। आग फैलने लगी और लोगों के घास के ढेरों तक पहुंचने की संभावना बढ़ गई। वन विभाग और स्थानीय लोगों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

ग्रामीणों ने वन विभाग से अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। बुधवार की रात रैखोली के जंगलों में भयंकर आग लग गई। आग ग्रामीणों के घास के ढेरों की तरफ बढ़ने लगी। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। ग्रामीण एकजुट हुए और वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीण और वन विभाग की टीम आधी रात तक आग बुझाने में रही। जिससे गांव वालों के घास के ढेर आदि बच गए। लेकिन आग लगने से पर्यावरण को नुकसान हुआ। वहीं, नए पौध भी जलकर नष्ट हो गए। ग्रामीण पूरन चंद्र, महेश सिंह, सुंदर सिंह, मोहन चंद्र आदि ने बताया कि आग लगाने वालों के विरुद्ध वन विभाग को कार्रवाई करनी होगी। अभी पिरूल भी कम है और आग लगने लगी है।

अप्रैल–मई में स्थिति भयावह हो जाएगी। इधर, आरओ श्याम सिंह करायत ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। अराजक तत्वों का पता लगाया जा रहा है।

## भाजयुमो मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया

चम्पावत। भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजयुमो को भाजपा की रीढ़ बताया। उन्होंने सभी का माल्यार्पण किया। गुरुवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय की अध्यक्षता में स्वागत कार्यक्रम हुआ। भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडेय जी की अध्यक्षता में स्वागत कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया ने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष योगेश तिवारी, विनोद बगौली, मोहन सामंत, प्रदीप जोशी, ललित देउपा, अजय नरियाल, दीपक शर्मा, बालम बोहरा, जतिन देउपा का स्वागत किया।

# इंडियन ऑयल को ओर से सुरक्षा हौज रिप्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन



रूद्रपुर/पंतनगर गुरुवार को किच्छा गैस सर्विस किच्छा कार्यालय के मैनेजर नरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर उपभोक्ताओं को इंडियन ऑयल की ओर से सुरक्षा हौज रिप्लेसमेंट ड्राइव के बारे में जानकारी दी।

उपभोक्ताओं को बताया कि पांच साल बाद गैस रसोई सिलेंडर में लगा हौज पाइप जरूर बदल दें। उन्होंने बताया कि पांच साल से अधिक समय होने पर सुरक्षा के तौर पर होज पाइप बदलना अनिवार्य व होता है। इस दौरान वहां किच्छा गैस सर्विस के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मुख्य चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका



सितारगंज। गैस के दामों में वृद्धि से आक्रोशित कांग्रेसियों ने मुख्य चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने बढ़ोतरी वापस लेने, पूर्व की भांति उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि घरेलू गैस के दाम 100 रुपये प्रति किग्रा के करीब पहुंच गया है, जबकि व्यावसायिक गैस के दाम 100 रुपये का आंकड़ा पार चुका है।

इससे गृहणियों के रसोई का बजट लगातार बिगड़ता जा रहा है। वहीं व्यावसायिक सिलेंडर महंगे होने से बाजार में महंगाई बढ़ती जा रही है। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। यहां नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, रामनगीना प्रसाद, वसीम मियां, सुमिंदर यादव, शाकिर अली, मुख्त्यार अहमद, कल्लू खान जिलानी अंसारी, जानकी कोहली, सरस्वती बाला मौजूद रहे।

## तीसरे दिन भी नहीं लगा नदी में डूबे बच्चों का सुराग

चम्पावत। बीते मंगलवार को शारदा नदी में डूबे दो बच्चों का सुराग तीसरे दिन भी नहीं लग सका। डूबे बच्चों के सुराग में जल पुलिस और गोताखार लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को जल पुलिस और गोताखोरों ने शारदा नदी में डूबे बच्चों की तलाश में सर्च अभियान चलाया। बीते मंगलवार को शारदा घाट, वार्ड नं एक निवासी अमित कश्यप (8)पुत्र हरीश कश्यप और अंकित कुमार (10) पुत्र सुमित निवासी फरीदपुर, बरेली शारदा नदी में डूब गए थे। कोतवाल चंद्रमोहन ने बताया कि तब से जल पुलिस डूबे बच्चों की तलाश की जा रही है।

# पैसा खर्च करने के बाद भी धुआं फांक रहे भराड़ी के लोग

बागेश्वर। नगर पंचायत कपकोट का अपना ट्रंचिंग ग्राउंड होने के बाद नगर से एकत्र किया गया कूड़ा खुले में जल है। इससे क्षेत्र के लोग प्रदूषित धुआं फांकने को मजबूर हैं। धन खर्च करने के बाद भी उन्हें सुविधा नहीं मिल रही है। इस पर व्यापारियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मालूम हो कि इन दिनों नगर पंचायत द्वारा नगर से एकत्र कूड़े में आग लगी हुई है। आग लगने से क्षेत्र में प्रदूषित धुआं फैल रहा है। इस धुएं से जहां लोगों को आने–जाने में परेशानी हो रही है वहीं स्वांस के रोगी परेशान हैं। गर्मी के दस्तक देते ही समस्या और बढ़ गई है। भराड़ी के व्यापारियों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि वह पंयायत को सफाई कर के साथ अन्य कर भी दे रहे हैं। इसके बाद भी वह शुद्ध हवा नहीं ले पा रहे हैं। पंचायत बनने का उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शेर सिंह ऐठानी, प्रकाश जोशी, बसंत बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधान गणेश उपाध्याय, पूर्व सभासद गिरीश जोशी, मेहमान सिंह, केदार सिंह रहे। इधर नगर पंचायत के ईओ नवीन कुमार ने बताया कि कूड़े को अराजक तत्व आग लगा रहे हैं।

## नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की

चम्पावत। मुख्यालय के फॉरेस्ट कॉलोनी और जूप में बीते दस दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान लोगों ने नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन की की चेतावनी दी है। फॉरेस्ट कॉलोनी में बीते दस दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है।

## नशे के रोकथाप के लिए चलाएं अभियान

बागेश्वर। अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने जनपद में नशे पर प्रतिबंध लगाने हेतु संबंधित विभागों को अपनी–अपनी वार्षिक कार्ययोजना देने के निर्देश दिए। कहा विद्यालयों, डिग्री कॉलेजों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाए। स्वास्थ विभाग को रोस्टर बनाकर विद्यालयों में काउंसलिंग कराने के निर्देश भी दिए।

कहा कि ड्रग्स, चरस के साथ ही अवैध शराब पर नकेल कसने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से छोपेमारी करें। यहां एसडीएम मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कण्डारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, आबकारी अधिकारी मीनांक्षी टम्टा, तहसीलदार तितिक्षा जोशी, दीपिका आर्या के साथ ही स्वास्थ विभाग के अधिकारी व महाविद्यालय के प्राध्यापक रहे।

# संघर्ष समिति ने की बुनियादी सुविधाओं की मांग

चम्पावत। देवीधुरा क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में समिति ने बैठक में चर्चा की। सात मांगों को लेकर डीएम से मुलाकात करने का निर्णय लिया। गुरुवार को देवीधुरा में बैठक का आयोजन किया गया।

समिति अध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट ने कहा कि देवीधुरा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। समिति ने देवीधुरा अस्पताल का उच्चीकरण, गागर में एलोपैथिक अस्पताल खोलने, देवीधुरा में एसबीआई की शाखा व एटीएम खोलने, खेल मैदान बनाने, शराब की दुकान मंदिर परिसर से दो किमी दूर खोलने, जीआईसी रीठाखाल में विज्ञान संकाय, रीठाखाल में मिनी बैंक खोलने की मांग की। 15 दिन के अंदर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में तारा चम्याल, हयात सिंह, नवीन राणा, विनोद चम्याल, प्रकाश मेहरा,अमित लमगड़िया, दीपक जोशी, देवेंद्र भट्ट, राकेश बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, राहुल सती मौजूद रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ओली का स्वागत

बागेश्वर। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष की संपन्न बैठक में शक्ति केंद्र की बैठकें तय की गई। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज ओली के विधायक प्रतिनिधि बनने पर उनका स्वागत किया गया। कहा कि इससे प्रदेश समेत बागेश्वर विधानसभा में विकास कार्यों में तेजी आएगी। गुरुवार को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नंदन सिंह रावत की अध्यक्षता हुए बैठक में शक्ति केंद्र के बैठकों की तिथि 11 मार्च को निर्धारित की गई। शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते हुए चमोली जिला प्रभारी एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली ने कहा कि प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं के निदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान मनोज ओली का भव्य स्वागत किया गया। यहां प्रभारी रवि करायत, नंदन रावत, संजय परिहार, दयाल कांडपाल, खड़क दफौटी, सुंदर दफौटी, पूर्व जिला महामंत्री डा राजेंद्र सिंह परिहार आदि रहे।

## मनरेगा कामों में एनएमएमएस सिस्टम को वापस लेने प्रधानों ने भेजा ज्ञापन

अल्मोड़ा। मनरेगा कामों में एनएमएमएस सिस्टम को पूरी तरह बंद करने समेत विभिन्न लंबित मांगों पर प्रधानों ने सकारात्मक कार्यवाही की मांग की है। मामले में जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानों ने ग्राम विकास मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजा। गुरुवार को भेजे ज्ञापन में प्रधानों ने मनरेगा में एनएमएमएस की प्रक्रिया की पूरी तरह बंद कर पूर्व की भांति करने, पूर्व में किए गए कार्यों जो वर्तमान में भी चालू है उसके एमआर पूर्व की तरह निकालने, मनरेगा के तहत कुशल मजदूरी 700 रुपये और अकुशल मजदूरी 500 रुपया करने और मनरेगा में घनमीटर के रेट पीडब्लयूडी के रेट के अनुसार करने की मांग की। प्रधानों ने कहा कि जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नही होने पर प्रधान संगठन मजबूरन उग्र आंदोलन को बाध्य होगें।

# रसोई गैस के दाम बढ़ने पर कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा का पुतला



रुद्रपुर। रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए हैं। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका गुरुवार को कांग्रेस कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पं.दीन दयाल चौक पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा केंद्र की मोदी सरकार में लगातार गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाई जा रही हैं। इससे आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए सिलेंडर से लुभावने सपने जनता को दिखाए। कहा भाजपा सरकार आने से पहले गैस सिलेंडर चार सौ रुपये का था। तब उसे महंगा बताकर भाजपा के नेता प्रदर्शन करते थे। उन्होंने कहा केंद्र कि भाजपा सरकार ने उसी गैस सिलेंडर को 1150 रुपये पहुंचा दिया है। कहा पहले से लोग घटती आमदनी और बेरोजगारी से परेशान हैं। सरकार रोजगार नहीं दे पा रही। ऐसे समय में महंगाई की मार ने लोगों को परेशान कर दिया है। यहां फरीद अहमद मंसूरी, सुनील आर्या, सतीश कुमार, योगेश चौहान उमा सरकार, प्रीति साना, मोनिका ढाली, सपना गिल, पार्वती, अर्जुन विश्वास रहे।

# तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली



रूद्रपुर/पंतनगर – रामनगर में प्रस्तावित जी20 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार उप सचिव भारत सरकार विकास श्रीवास्तव ने पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचकर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा तैयारियों के संबंध में स्थलीय निरीक्षण के साथ ही संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशाझनिर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दायित्व देते हुए समय से सभी व्यवस्थाएं दुरस्थ करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह आदि उपस्थित थे।

## पांच खाद्य कारोबारियों को दिया नोटिस

बागेश्वर। खाद्य सुरक्षा विभाग ने गरुड़ ब्लॉक के बैजनाथ, पुरड़ा, डंगोली आदि क्षेत्र का निरीक्षण किया।

खाद्य कारोबारियों को पैक्ड खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसकी जांच करने के निर्देश दिए। जिला अभिहीत अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में टीम ने एक खाद्य कारोबारी को धारा 32 व पांच को नोटिस दिया गया। इसके अलावा रसगुल्ला, गुजिया, बूंदी लड्डू के सेंपल लिए गए। सेंपलों को रुद्रपुर लैब भेजा जाएगा। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपन कुमार, जीवन चंद्र आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए




नानकमत्ताः श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खटीमा तथा सितारगंज ब्लॉक के 51 चिन्हित दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, सुनने वाली मशीन तथा अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख कमलजीत कौर व नगर पंचायत अध्यक्ष नानकमत्ता प्रेम सिंह टूर्नी, खंड शिक्षा अधिकारी दलेल सिंह राजपूत, उप खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा गौरव तथा प्रधानाचार्य तरसेम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सामग्र शिक्षा समन्वयक सुमन नेगी, डॉ० श्रीकांत पांडे,डॉ०पप्पू गुप्ता,बीआरसी हदेश चौहान,जशोदा मेहता, जितेंद्र राणा, दिनेश चौहान, सुरेश बाबू,रशिम चंद्रा, संपूर्ण सिंह,निर्मल सिंह तथा डॉ० प्रशांत विश्वास आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित दिव्यांग बच्चों तथा उनके अभिभावकों को भोजन तथा जलपान कराया गया और उनको शिक्षा विभाग द्वारा मार्ग प्रदान किया गया।

# अशफाक अली और श्रुति गुसांई रहे चैंपियन

## कला संकाय रहा ओवरऑल चैंपियनशिप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार का वार्षिक क्रीड़ा समारोह पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया है। छात्र वर्ग में अशफ-ाक अली और छात्रा वर्ग में श्रुति गुसांई को चैंपियन रहे। वार्षिक क्रीडा समारोह की ओवरऑल चैंपियनशिप कला संकाय रहा।

10 हजार मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम आसिफ अली, द्वितीय विकास कुमार, तृतीय अमन असवाल रहे, छात्रा वर्ग में प्रथम सपना रावत, द्वितीय शीतल, तृतीय प्रिया रही। तार गोला प्रक्षेप छात्र वर्ग में प्रथम स्थान गौरव सिंह, द्वितीय स्थान कुशाल सिंह, तृतीय स्थान पर प्रवेंद्र सिंह बिष्ट, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान श्रुति गोसाई, द्वितीय स्थान प्रिया रावत, तृतीय स्थान पूजा नेगी को मिला। 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम स्थान मोहित नेगी, द्वितीय स्थान विकास कुमार, तृतीय स्थान मनदीप सिंह बिष्ट, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्रेरणा नेगी, द्वितीय स्थान प्रिया रावत, तृतीय स्थान शीतल को मिला। 400 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अशफाक अली, द्वितीय स्थान मोहित नेगी, तृतीय स्थान आसिफ अली एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्रेरणा नेगी, द्वितीय स्थान अंजलि, तृतीय स्थान शीतल ने प्राप्त किया। उछल कदम कूद छात्रा वर्ग प्रथम स्थान श्रुति गोसाई द्वितीय स्थान आरती रावत, तृतीय स्थान पूजा, 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग प्रथम अशफाक अली, द्वितीय अमन सिंह रावत, तृतीय कुशाल सिंह को मिला। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान रही अंजलि शाह, द्वितीय स्थान सपना रावत, तृतीय प्रियंका चौधरी, भाला प्रक्षेप छात्र वर्ग में प्रथम स्थान यश कुमार, द्वितीय स्थान अनुज बिष्ट, तृतीय आकाश असवाल, छात्रा वर्ग प्रथम पूजा, द्वितीय रेशमा, तृतीय भूमि रही। इस मौके पर महिला प्राध्यापकों की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता की गई जिसमें डॉ. अंशिका बंसल प्रथम, द्वितीय स्थान पर डॉ. सुनैना, तृतीय स्थान पर डॉक्टर सुरेखा घिल्डियाल रही। प्राध्यापकों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान चंडी प्रसाद, द्वितीय स्थान डॉ. जुनिश कुमार, तृतीय स्थान पर डॉ. डीएस चौहान रहे।




## श्रीनगर में रंग यात्रा 5 को

श्रीनगर गढ़वाल : भागीरथी कला संगम की बैठक रामलीला मैदान में आहुत की गई। बैठक में 5 मार्च हो होली के पर्व को देखते हुए नगर क्षेत्र में रंग यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान होली के रंगों के साथ होली गीत भी गाए जाएंगे। बैठक में संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बड़थ्वाल, उपाध्यक्ष रमेश आर्य, मुकेश नौटियाल, भगत सिंह बिष्ट, नरी निर्वेद, रजत, रवि पुरी, दिनेश लिंगवाल, भूपेंद्र रावत, पदमेंद्र रावत, प्रमोद आदि मौजूद रहे। संचालन मदन गडोई ने किया। (एजेंसी)

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा 8 अप्रैल को

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 8 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके लिए तीन मार्च से ऑनलाइन आवेदन फार्म भरे जाएंगे। फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। एक अप्रैल से अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। अधिक जानकारी छात्र विवि की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# महिलाओं ने डीएम को बताई समस्या, जांच के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी गांव के मकानों में गंदा पानी घुसने से परेशान महिलाओं ने डीएम से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। डीएम ने मामले की नगर पालिका के ईओ, एसडीएम पौड़ी व जल संस्थान से जांच करते हुए एक हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को पौड़ी गांव की महिलाओं ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं ने डीएम डा. आशीष चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पौड़ी गांव में पुलिस लाइन, विकास मार्ग व बस अड्डे का गंदा पानी आ रहा है और गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। जिस वजह लोगों का जीना मुहाल हो गया। गंदे पानी के जमा होने से संक्रामक बीमारी का भी खतरा बना हुआ। कहा कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका को भी अवगत कराया चुका है लेकिन नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने डीएम से शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान महिलाओं ने डीएम से गांधी मैदान में अनाधिकृत वाहनों के खड़े होने का मामला भी उठाया। कहा कि यह मैदान बच्चों के खेलकूद के लिए था लेकिन यहां पर वाहन खड़े होने से वे खेलने से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में कमला नेगी, देवेश्वरी, बसंती, कांती, मंजू, अनिता, सुलोचना, दीपा, कुंती देवी आदि शामिल थे।

# घोटाले की जांच को कमेटी गठित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के पर्यटन विभाग में आईसीएसएसआर प्रोजेक्ट में घोटाले के आरोपों के संदर्भ में छात्रों ने जांच कमेटी के गठन की मांग की है।

इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि विवि की कुलपति को प्रोजेक्ट में गलत तरीके से नियुक्ति एवं सोची समझी साजिश के तहत पैंसे हड़पने हेतु षडयंत्र के बारे में अगवत कराया गया था। लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद इन गंभीर आरोपों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

इस संदर्भ में कुलपति से मिलकर छात्र नेता कैवल्य जखमोला ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा जो एमओयू रोमानिया विवि के साथ हो रखा है उसका भी दुरुपयोग किया गया है।

कहा विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसके गुप्ता के विरुद्ध जांच कमेटी गठित की जाए और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक उन्हें महत्वपूर्ण पदों से हटाया जाए। कहा यदि दो दिन के भीतर जांच कमेटी नहीं बैठाई गई तो विवि के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस संदर्भ में छात्रों ने विवि की कुलपति को ज्ञापन भी दिया है। (एजेंसी)

## बिड़ला परिसर में होल्यारों के गीतों पर थिरके श्रोता

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के संगीत विभाग में आयोजित होली महोत्सव में होल्यारों के गीतों से बिड़ला परिसर में होली की धूम रही। इस मौके पर गायकों की ओर से एक से बढ़कर एक होली गीतों का श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया। संगीत विभाग की अध्यक्ष प्रो. आशा पांडे की अध्यक्षता में हुआ होली महोत्सव सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। डॉ. विकास फोंदणी ने रण बसंत पर आधारित बंदिशें फगवा बृज देखन और माई री देखो आयो बसंत की प्रस्तुति दी। डा. संजय पाण्डेय ने सारी रंगनी सारी की प्रस्तुती देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। बैठकी होली में मन सुख लाओं हो मृदंग, बृज होली आयो रे, फागुन बृज के आंगनवा सखीया खेली आदि की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शास्त्री गायक दिनेश कृष्ण और गढ़रत्न सम्मान से सम्मानित एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी डा. डीआर पुरोहित ने कुमाऊंनी होली धमाल और शास्त्रीय धमाल के अंतर को भी बखूबी बताया। (एजेंसी)

## तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी

चमोली : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव शर्मा के आदेशों के क्रम में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में स्टेकहोल्डर्स की भूमिका विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ चमोली एवं बालाजी सेवा संस्थान देहरादून की टीम द्वारा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादन (कोटपा) अधिनियम-2003 के बारे में विभाग के प्रतिनिधि की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।कार्यशाला में बालाजी सेवा संस्थान के डिविजिनल कॉर्डिनेटर श्री अजीत सिंह द्वारा तम्बाकू नियंत्रण एवं कोटपा एक्ट-2003 की पूर्ण जानकारी दी गयी। डॉ. अनुराग बिष्ट ने तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि तम्बाकू उत्पाद से शरीर में अनेक प्रकार के कैंसर, अल्सर, टीबी, लकवा, नपुंसकता, गर्भवतियों से मृत बच्चे का जन्म होना, अस्थमा, असामान्य रक्तचाप आदि गम्भीर बीमारियां हो सकती हैं। इस दौरान शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, प्रोद्योगिकी कालेज, पुलिस विभाग, गैरसरकारी संगठनों, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## मिशन कर्मयोगी प्रोग्राम हेतु केदारावाला पंचायत का चयन

विकासनगर। पछुवादून की केदारावाला पंचायत का मिशन कर्मयोगी प्रोग्राम के तहत चयन होने पर गुरुवार को पंचायती राज मंत्रालय के अधिकारी ने भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जम्मू–कश्मीर से शैक्षणिक भ्रमण पर आए सरपंचों से भी वार्ता की। केंद्रीय अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि केदारावाला का चयन देश भर की 50 ग्राम पंचायतों में मिशन कर्मयोगी प्रोग्राम के तहत हुआ है। इस प्रोग्राम के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में अगले वित्तीय वर्ष में थीम बेस प्लान के तहत विकास कार्य किए जाने हैं। एक ग्राम पंचायत को एक थीम का चयन कर उसी पर बजट खर्च करना है। बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत को उसी थीम पर किए गए कार्यों के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। केंद्रीय अधिकारी ने जम्मू–कश्मीर से शैक्षणिक भ्रमण पर आए सरपंचों से वार्ता कर उनसे उत्तराखंड में मिले अनुभवों के बारे में जानकारी ली। बताया कि एक दूसरे के प्रांतों में हुए विकास कार्यों के मॉडल को साझा करने की सलाह देते हुए कहा कि दोनों ही राज्यों की भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियां मिलती जुलती हैं।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की जरूरत

श्रीनगर गढ़वाल : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में भारत में बढ़ती महिला हिंसा और समाधान के रास्ते विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता प्रो. हिमांशु बौड़ाई ने नारीवादी दृष्टिकोण के विकासक्रम तथा इसके वर्तमान पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्यों में प्रकृति प्रदत्त असमानताएं थी, लेकिन धीरे-धीरे समाज द्वारा उसमें नए तथ्यों को जोड़कर महिलाओं को कमजोर बना दिया। महिला हिंसा के समाधान के तौर पर उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए रास्ते तलाशने के बजाय पुरुषों को हिंसा ना करने की सीख दी जानी चाहिए। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. राकेश नेगी ने महिलाओं की ऐतिहासिक सामाजिक स्थितियों पर दृष्टि डालते हुए सदियों से हो रही महिला हिंसा पर विस्तार से जानकारी दी। महिला हिंसा को खत्म करने के लिए डॉ. नेगी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की बात कही। बेस अस्पताल श्रीनगर के मनो वैज्ञानिक डॉ. मोहित सैनी ने समाज के मनो वैज्ञानिक पक्ष को रखते हुए कहा कि प्राकृतिक रूप से महिला और पुरुषों में बहुत अंतर नहीं होता है। लेकिन सामाजिक ताने-बाने ने इस अंतर को बढ़ा दिया है। हमें सामाजिक तौर पर यह स्वीकार करने की आवश्यकता है कि महिला हिंसा की समस्या सामाजिक व सांस्कृतिक समस्या है। जिसे इस रूप में ही खत्म किया जा सकता है। विवि के अभियंता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा किए गए संविधान में महिलाओं की बराबरी के प्रयासों के योगदान को याद रखा जाना चाहिए। डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि समाज का ताना-बाना पुरुषों को आगे बढ़ाने में सहायक है। जबकि महिलाओं के लिए समाज इतना सहायक नहीं होता है। संचालन डॉ. शिवानी पांडेय ने किया।

# खाद्य संरक्षा विभाग अलर्ट, 14 सैंपल भेजें जांच को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : त्यौहारी सीजन में मिलावटी खाद्य सामग्री की धरपकड के लिए खाद्य संरक्षा विभाग चमोली द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं तक सुरक्षित खाद्य सामग्री पहुंचे।

वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी असलम खां ने बताया कि होली त्योहार के दृष्टिगत खाद्य संरक्षा आयुक्त एवं जिलाधिकारी चमोली के निर्देशों पर बाहरी जनपदों से आने वाले खाद्य पदार्थों की एक सप्ताह से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

जिले में अभी तक 14 खाद्य नमूने लिए जा चुके है। जिसमें दूध, दही, पनीर, खोया, मिठाई, कोल्डड्रिंक व जूस के नमूने शामिल है। इन सभी सैंपल को जांच के लिए खाद्य विशलेषणशाला रूद्रपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि 01 मार्च को खाद्य सरंक्षा एवं पुलिस विभाग के संयुक्त चैकिंग अभियान में आईटीबीपी चैक पोस्ट गौचर में पांच दर्जन से अधिक व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत खाद्य सामग्री वाले वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जिला खाद्य संरक्षा अधिकारी अमितान जोशी ने बताया कि विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2022 से अब तक 114 खाद्य नमूने भरे जा चुके है। जिसमें 56 खाथ नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और 6 खाद्य नमूनें मानक पर खरे नहीं उतरने पर सम्बंन्धित खाद्य कारोबारियों की विरूद्ध विधिक कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा अपर जिलाधिकारी, चमोली न्यायालय में 01 अप्रैल 2022 से अब तक 14 वाद दायर किए गए है, जिनमें से 3 का निस्तारण हो चुका है और 27 हजार 5 सौ का जुर्माना लगाया गया है। वर्तमान में एडीएम कोर्ट में 31 बाद विचाराधीन है।



# भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी: पंवार

रुद्रप्रयाग। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करता है। यही कारण है कि बिना किसी पहुंच के ही सामान्य कार्यकर्ता बड़े पदों तक पहुंच जाता है। रुद्रप्रयाग पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विशुद्ध रूप से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह सामन्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी से जुड़े थे, और निस्वार्थ रूप से कार्य करते करते हुए आज पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सौभाग्य दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश और जनपद का चहुमुंखी विकास हो रहा है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री भारत भूषण भट्ट, मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, भाजयुमों के गढ़वाल संयोजक विकास डिमरी, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील नौटियाल, आईटी सैल के जिला संयोजक विकास नौटियाल, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कठैत, रोशन झा, पंकज कप्रवान आदि मौजूद थे।

## कला संकाय विभागीय परिषद का गठन

चमोली। राजकीय महाविद्यालय मींग–नारायणबगड़ चमोली में गुरुवार को कला संकाय विभागीय परिषद का गठन किया गया। जिसमें सभी विषयों से पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर रीतिका, उपाध्यक्ष पद पर तनुजा, सचिव अंजली, सह सचिव सविता गुसाईं, कोषाध्यक्ष रीता सती चुने गए। जबकि सदस्य तनुज सती, नेहा, अनीशा,गणेश कलसी, करिश्मा को चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## नेगी को सम्मान मिलने पर जताई खुशी

रुद्रप्रयाग। एचएनबी विवि श्रीनगर के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. महावीर नेगी को प्रतिष्ठित भूगोल शास्त्र भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किये जाने पर उनके गृह क्षेत्र जखोली से लोगों ने उन्हें बधाई दी है है।


**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी सीमा देवी पुत्री जगदीश सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट पोखरीखेत, पट्टी खातस्यूं, तहसील पौड़ी गढ़वाल, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है तथा आये दिन तंग व परेशान करती रहती है व गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करती है। जिससे तंग आकर मैं सीमा देवी पुत्री जगदीश सिंह से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में सीमा देवी पुत्री जगदीश सिंह के द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगी। सीमा देवी पुत्री जगदीश सिंह के द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी व जवाबदेही नहीं होगी।

**राजेश कुमार पुत्र चमल लाल निवासी इन्द्रानगर, आमपड़ाव, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# तंबाकू के सेवन से हो सकता है लकवा: बिष्ट

चमोली। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में गुरुवार को चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है। गोपेश्वर में आयोजित कार्यशाला में डॉ. अनुराग बिष्ट ने तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया कि तंबाकू उत्पाद से शरीर में अनेक प्रकार के कैंसर, अल्सर, टीबी, लकवा, नपुंसकता, गर्भवतियों से मृत बच्चे का जन्म होना, अस्थमा, असामान्य रक्तचाप आदि गम्भीर बीमारियां हो सकती हैं। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में स्टेकहोल्डर्स की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन गोपेश्वर में किया गया।

कार्यशाला में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ चमोली एवं बालाजी सेवा संस्थान देहरादून की टीम ने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादन ( कोटपा) अधिनियम के बारे में विभाग के प्रतिनिधि की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।

## जनता दरबार मे विधायक पुंडीर ने सुनी जनता की समस्याए

विकासनगर। सहसपुर क्षेत्र के सुद्धोवाला में गुरुवार को जनता दरबार आयोजित किया गया। विधायक सहदेव पुंडीर ने अलग गांवों और कस्बों से आई जनता की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दरबार में अधिकांश समस्याएं सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य आदि से संबंधित रखी गई।

# शिक्षा विभाग में उच्च अफसरों की कमी जल्द दूर हो

रुद्रप्रयाग। प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने कहा कि जनपद में शिक्षा विभाग में उच्च अधिकारियों के पद काफी समय से खाली चल रहे हैं जिससे शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। बिना अफसरों के शिक्षकों के लंबित मामलों का भी सही ढंग से निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

संघ के जिलाध्यक्ष शिव सिंह पंवार व जिला महामंत्री लखपत सिंह लिंगवाल ने कहा कि जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व बेसिक के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे है। जिला प्रशिक्षण संस्था रतूड़ा के प्राचार्य सीईओ का अतिरिक्त प्रभार देख रहे है। यही हालात ब्लाक स्तर पर भी चल रही है।

जनपद के तीनों विकासखंडों में मात्र एक उप शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। अधिकारियों की कमी से जूझ रहे जनपद में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। बिना अधिकारियों के शिक्षकों के कई प्रकरण लंबित पड़े है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। कहा कि इस संबंध में सरकार व शासन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में अपर महानिदेशक को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक अधिकारियों को नहीं भेजा गया है। जिससे जनपद व ब्लाक स्तरीय कार्य बाधित हो रहे है। उन्होंने सरकार व शासन से जनपद में जल्द अधिकारियों की तैनाती की मांग की है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निरस्तीकरण पत्र**

**विषयः– निविदा सूचना सं0 10-GSU-MB-22-23-LT दिनांकः 17.02.2023**
**खुलने की तिथि 07.03.2023**

उपरोक्त निविदा सूचना जो उप मुख्य अभियंता/गातिशक्ति यूनिट/उ0रे0/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी थी, जिसको अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

657/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# खनन सामग्री की ओवर लोडिंग में कोतवाली पुलिस ने 21 डंपर सीज किये

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को खनन से जुड़े वाहनों में ओवरलोडिंग के खिलाफ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कुल्हाल, हरबर्टपुर, विकासनगर क्षेत्र में अलग अलग टीमें गठित कर अभियान चलाया, जिसमें 21 वाहनों में खनन सामग्री की ओवरलोडिंग पाये जाने के साथ ही कई अनियमितताएं पकड़ी गईं। जिस पर पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया है। अवैध खनन व खनन सामग्री की ओवरलोडिंग को लेकर हाल में डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने सख्त रवैया अख्तियार किया है। लगातार विकासनगर, सहसपुर व सेलाकुई में पिकेट पर रात के समय पुलिस कर्मियों के तलाशी अभियान की खुद निगरानी की। पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सूर्यास्त के बाद अवैध खनन पाये जाने, खनन सामग्री की ओवर लोडिंग व अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी अन्यथा पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जिसके चलते बुधवार की रात को कोतवाली पुलिस ने हरबर्टपुर, विकासनगर, कुल्हाल, धर्मावाला क्षेत्र में खनन के वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अधिकांश डंपरों में खनन सामग्री की निर्धारित मात्रा से दो से तीन गुना अधिक खनिज सामग्री पायी गयी। जबकि खनन सामग्री के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रवन्ने कटे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ऐसे 21 डंपरों को पकड़ा जिनमें खनन सामग्री की ओवरलोडिंग पाये जाने के साथ साथ दस्तावेजों सहित कई और अनियमिततायें पायी गयीं।

# आरक्षित वन क्षेत्र में किये गये अवैध कब्जों व निर्माण को ध्वस्त किया

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भाटगढ़ी क्षेत्र के ग्रामीणों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में वन विभाग को आरक्षित वन क्षेत्र मे वन गूर्जरों द्वारा अवैध कब्जे करने की शिकायत की। जिस पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बनाये गये वन गूर्जरों के कच्चे डेरों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। भाजपा मण्डल अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन विभाग से शिकायत करते हुए कहा कि गूर्जरों द्वारा ग्राम समाज की जमीन व आरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध कब्जे करने के साथ क्षेत्र में हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। जिसके परिणाम भविष्य के लिए चिंताजनक हो सकते हैं। मण्डल अध्यक्ष ने वन विभाग, राजस्व विभाग से ग्राम समाज की जमीन व आरक्षित वन भूमि पर किये जा रहे अवैध कब्जों पर किये गये निर्माण को ध्वस्त कर अवैध कब्जे हटाने की मांग की। वन क्षेत्राधिकारी देवघार हरीश चौहान के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की शिकायत पर आरक्षित वन कम्पार्टमेंट–4 मझोग वीट मे किये गये अवैध कब्जों, लकड़ी के बने कच्चे डेरों को ध्वस्त कर दिया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग। लागत रुपये। | अग्रिम धन रुपये। | निविदा फॉर्म की लागत रु। | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 300B-SNT-AJI-MB-2022-23 प्रोविजन ऑफ़ सिप्टिंग केबल एंड लेवल क्रासिंग नंबर 300B इन सी/डब्लू आर ओ बी वर्क अन्झी स्टेशन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 3326238.03 | 66500.00 | Nil | 27/03/2023 15:00 hrs. |
| 2 | MR-BJO-DPR प्रोविजन ऑफ़ टेलिकॉम एमेनिटीज इन कनेक्शन विथ दा फेसलिफ्ट ऑफ़ बिजनोर एंड धामपुर | 16934417.72 | 234700.00 | Nil | 27/03/2023 15:00 hrs. |

**नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।**

**निविदा सूचना - 300B-SNT-AJI-MR-BJO-2022-23 दिनांकः 01.03.2023**

664/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# फिर भटक रहा पंजाब

80 के दशक में पंजाब की एक अलग सूरत थी जब धरती से पैदावार का सोना पैदा करने वाले इस प्रदेश में आतंकवाद सिर चढ़कर बोल रहा था। उस वक्त आतंकवादियों के खात में के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया गया था जिसकी कमान केपीएस गिल को सौंपी गई थी। आतंकियों को तलाश तलाश कर समाप्त करने का काम शुरू किया गया और आखिरकार एक वक्त ऐसा भी आया जब पंजाब पूरी तरह से अमन चौन की पटरी पर लौट आया। इधर एक लंबे समय तक खालिस्तान की मांग ठंडी पड़ी रही और खालिस्तान समर्थक भी कभी-कभार इक्के -दुक्के ही आवाज उठाते नजर आए, वह भी विदेशों की धरती से। हालांकि पिछले कुछ समय से फिर ऐसी परिस्थितियां बनने लगी है जिसमें पंजाब में खालिस्तान समर्थक सिर उठाने लगे हैं। इस कड़ी में वर्तमान दौर में अमृतपाल सिंह का नाम प्रमुखता से उठ रहा है जिसने एक थाने में हमला बोलकर ना केवल अपने साथियों को टुड़ाया बल्कि 6 पुलिसकर्मियों को भी घायल कर दिया। निश्चित तौर पर यह पंजाब के लिए खतरे की घंटी है और राज्य व केंद्र सरकार को इस दिशा में जल्द से जल्द बड़ा कदम उठाने की जरूरत है। पिछले बेहद कम वक्त में पंजाब में सामने आई परिस्थितियों के बाद राज्य में खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई बड़ा कदम उठाने के संकेत अब नजर आने लगे है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शायद यह समझ चुके हैं कि यदि अभी से इस सुलगती चिंगारी पर काबू नहीं किया गया तो आने वाले समय में या पंजाब को अपनी चपेट में ले सकती है। लिहाजा भगवंत मान ने परिस्थितियों को समझते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दरबार पर गुहार लगाई। वक्त के अनुसार यह जरूरी भी है क्योंकि यदि आंखें बंद करके पंजाब के हालात बिगड़ते हुए देखते रहे तो आने वाला वक्त बेहद बुरा साबित हो सकता है। खालिस्तान समर्थकों का एकाएक इस प्रकार से सर उठाना खतरे की घंटी है और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए व्यापक संख्या में सुरक्षा बलों को पंजाब भेजा जा रहा है.पंजाब में परिस्थितियां बिगड़ने की सुगबुगाहट उस वक्त शुरू हुई जब कुछ दिन पूर्व पंजाब के अजनाला में खालिस्तान समर्थक एवं 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख जत्थेदार अमृतपाल सिंह और उसके कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने पर धावा बोल दिया था। उसमें छह पुलिसकर्मी घायल हुए थे। समर्थकों की भीड़ से उत्साहित अमृतपाल पुलिसकर्मियों को भी चेतावनी देने का दुस्साहस जुटाने की स्थिति में नजर आने लगा है। पंजाब में बड़ी संख्या में पुलिस बल को भेजने के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में जल्दी पंजाब में कुछ बड़ा एक्शन देखने को मिल सकता है। एक साधन संपन्न राज्य को जहां एक लंबी मेहनत के बाद शांति व्यवस्था कायम करने में सफलता मिली है और ना जाने कितने सुरक्षाकर्मियों ने शहादत दी है उस राज्यों को महज चंद सिरफिरे लोगों की मनमानी की भेंट चढ़ने नहीं दिया जा सकता। केंद्र एवं राज्य सरकार को बेहद मजबूती के साथ इस सुलगती हुई चिंगारी को ठंडा करना होगा, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना होगा।

# कानूनी या सियासी कार्रवाई



हालात ऐसे बन गए हैं कि अगर कहीं जांच एजेंसियां न्यायिक कारणों से भी कदम उठाती हैं, तो उसको लेकर समाज के एक हिस्से में संदेह और विरोध की भावना उबल पड़ती है।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति बदलने के क्रम में सचमुच भ्रष्टाचार किया या नहीं, इस बारे में न्यायालय का फैसला आने तक किसी के लिए कुछ कहना उचित नहीं होगा। लेकिन यह सवाल जायजा है कि क्या न्यायिक कार्रवाई के किसी नतीजे पर पहुंचने तक उन्हें (या किसी भी मामले में किसी व्यक्ति को) जेल भेजना सही प्रक्रिया है यह सवाल महाराष्ट्र सहित दूसरे राज्यों में कई विपक्षी राजनेताओं की हुई गिरफ्तारी के समय भी उठ चुका है। इस सवाल की वजह सीबीआई सहित दूसरी केंद्रीय जांच एजेंसियों का रुख है, जिनके बारे में यह धारणा बन चुकी है कि वे केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के सियासी हित साध रही हैं। सिसोदिया की गिरफ्तारी पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया में आम तौर पर यही बात कही गई कि यह गिरफ्तारी राजनीतिक कारणों से हुई है। ऐसी गिरफ्तारियों पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एक पक्ष बन कर जिस तरह मीडिया के जरिए अपनी जीत का उद्घोष करने लगते हैं, उसकी एक बड़ी भूमिका ऐसा संदेह पैदा करने में रही है।

मसलन, सिसोदिया की गिरफ्तारी की खबर आते ही भाजपा नेता यह कहने के लिए सक्रिय हो गए कि सिसोदिया लंबे समय तक जेल में रहेंगे और उनके बाद जांच एजेंसी के हाथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंचेंगे। सवाल है कि कौन कितने दिन जेल में रहेगा, इस बारे में किसी पार्टी के नेता कोर्ट का निर्णय आने के पहले कैसे इतने

> मसलन, सिसोदिया की गिरफ्तारी की खबर आते ही भाजपा नेता यह कहने के लिए सक्रिय हो गए कि सिसोदिया लंबे समय तक जेल में रहेंगे और उनके बाद जांच एजेंसी के हाथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंचेंगे। सवाल है कि कौन कितने दिन जेल में रहेगा, इस बारे में किसी पार्टी के नेता कोर्ट का निर्णय आने के पहले कैसे इतने भरोसे के साथ इस तरह के बयान दे सकते हैं तो साफ है कि सिसोदिया की गिरफ्तारी पर दोनों ही तरफ से सियासी प्रतिक्रियाएं आईं। नतीजतन, इस घटना से यह धारणा और गहराएगी कि विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक कारणों से उत्पीडिघ्त कर रही हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

भरोसे के साथ इस तरह के बयान दे सकते हैं तो साफ है कि सिसोदिया की गिरफ्तारी पर दोनों ही तरफ से सियासी प्रतिक्रियाएं आईं। नतीजतन, इस घटना से यह धारणा और गहराएगी कि विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक कारणों से उत्पीडिघ्त कर रही हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इससे देश में तनाव और ध्रुवीकरण का माहौल लगातार तीखा हो रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अगर कहीं जांच एजेंसियां न्यायिक कारणों से भी कदम उठाती हैं, तो उसको लेकर समाज के एक हिस्से में संदेह और विरोध की भावना उबल पड़ती है। और दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस माहौल को खत्म करने का कोई प्रयास सत्ता पक्ष की तरफ से नहीं हो रहा है।

# शहरी 20: एक एकीकृत वैश्विक व्यवस्था के लिए सहयोगी शहरों का निर्माण

हरदीप सिंह पुरी

शहरी 20 कार्य समूह का उद्घाटन 9-10 फरवरी 2023 को अहमदाबाद में किया गया था। शहरी 20, या यू20, हर वर्ष आयोजित होने वाली सबसे प्रभावशाली शहर-स्तरीय कूटनीति पहलों में से एक है। जी-20 समूह के महापौरों और नामित शसिटी शेरपाओंश की भागीदारी के साथ, यू20 में हुए विचार-विमर्श जी-20 के तहत होने वाली वार्ताओं की जानकारी देते हैं और वे शहरी विकास से जुड़े विस्तृत विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उद्घाटन बैठक में 42 शहरों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया- यू20 की स्थापना के बाद से इसमें सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई!

यह उचित है कि भारत इस वर्ष शहरीकरण और शहरी गतिशीलता पर चर्चा कर रहा है। मोदी सरकार के तहत, भारत ने वैश्विक शासन के मुद्दों पर कार्यों का तेजी से नेतृत्व किया है। ऐसी ही एक सफलता की कहानी हमारे शहरी क्षेत्रों का परिवर्तन है जो अब अन्य देशों विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में अन्य देशों के लिए सीख लेने का ब्लूप्रिंट बन गया है। इस साल के यू20 का उद्देश्य विकास के वैश्विक एजेंडे पर शहरों द्वारा अपनाई गई नीतियों और कार्य-प्रणालियों के जबरदस्त प्रभावों पर प्रकाश डालना है।

उद्घाटन बैठक आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिकीय सामंजस्य में शहरों की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए इन विषयों पर आधारित रही। पहचाने गए प्राथमिकता वाले छह क्षेत्रों के आसपास आम सहमति विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। सबसे अधिक जोर हमारे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहारों को अपनाने की अत्यावश्यकता पर दिया गया। दूसरा, जल संसाधनों का संरक्षण और पानी तक समान पहुंच प्रदान करने को अधिक प्रमुखता दी गई। तीसरा, इस बात की स्वीति थी कि जलवायु वित्तपोषण यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इस्तेमाल में आने वाली पूंजी की आवश्यकता है क्योंकि हम पुराने बुनियादी ढांचे को फिर से बनाना चाहते हैं। चौथा, यह अनिवार्य हो गया है कि हम कानूनी तंत्र और शासन के ढांचे पर पुनर्विचार करें ताकि रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। पांचवां, जीवंत नागरिक समाज के लिए शहरों की स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने की लोकप्रिय मांग को मान्यता दी गई। अंत में, प्रौद्योगिकी और डेटा के उपयोग का समर्थन करने वाली प्रक्रियाओं का लोकतंत्रीकरण करने को आवश्यक समझा गया।

शहर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोगी एजेंडे को आगे बढ़ाने में अपनी एकजुटता व्यक्त की। यू20 के इस छठे संस्करण ने एक ऐसे मंच का आकार ले लिया है, जिसका उद्देश्य शहरी शासन से जुड़े विचार-विमर्श को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करके शहरी प्रशासन को नीति और कार्यप्रणाली के बीच की खाई को पाटने से लैस करना है। यू20 के चेयर सिटी के रूप में, अहमदाबाद ने साबरमती रिवरफ्रंट के विकास में अपनाए गए नवाचारों को प्रतिपादित किया है, साथ ही उसने अन्य सुधारों के साथ-साथ किफायती आवास नीति और

> शहर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोगी एजेंडे को आगे बढ़ाने में अपनी एकजुटता व्यक्त की। यू20 के इस छठे संस्करण ने एक ऐसे मंच का आकार ले लिया है, जिसका उद्देश्य शहरी शासन से जुड़े विचार-विमर्श को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करके शहरी प्रशासन को नीति और कार्यप्रणाली के बीच की खाई को पाटने से लैस करना है। यू20 के चेयर सिटी के रूप में, अहमदाबाद ने साबरमती रिवरफ्रंट के विकास में अपनाए गए नवाचारों को प्रतिपादित किया है, साथ ही उसने अन्य सुधारों के साथ-साथ किफायती आवास नीति और विरासत प्रबंधन योजना की प्रमुख विशेषताओं पर उदाहरण पेश किया है।अहमदाबाद नागरिक-उन्मुख कायाकल्प की भावना को समाहित करता है जिसे भारत ने आरंभ किया है। पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम शुरू किया है जो सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवादय सार्वभौमिकरण और बुनियादी सेवाओं की संतृप्तिय टेक्नोलजी नवाचारय आर्थिक अवसरय और एक ग्रामीण-शहरी श्रृंखला पर आधारित है। हमारी शहरी परिवहन नीतियां भारत के शहरी परिदृश्य में हरित गतिशीलता विकल्पों को जोडकर पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

बुनियादी सेवाओं की संतृप्तिय टेक्नोलजी नवाचारय आर्थिक अवसरय और एक ग्रामीण-शहरी श्रृंखला पर आधारित है। हमारी शहरी परिवहन नीतियां भारत के शहरी परिदृश्य में हरित गतिशीलता विकल्पों को जोडकर पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। विभिन्न परिवर्तनकारी शहरी मिशनों के परिणामस्वरूप भारतीय शहर देश को आर्थिक और एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए तैयार हैं।

यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि एसडीजी लक्ष्यों कि कैसे विकासशील अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक चुनौतियों से निपट सकती हैं।

हमारी शहरी क्षमताओं का प्रमाण इस बात में निहित है कि हमारे आबादी वाले शहर गंभीर रूप से प्रभावित होने के बावजूद हमने महामारी पर काबू पा लिया। विकेन्द्रीत स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, सार्वभौमिक सेवा वितरण और किफायती किराये के आवास जैसे उपायों के माध्यम से, भारत ने एक शासन दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया जिसने न केवल विश्व में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त की, बल्कि इसके अनुसरण के लिए हाल बनाना भारतीय डीएनए में है। इसी लोकाचार की वजह से इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय निर्धारित किया है वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य।शजी-20 2023 में संकट की घड़ी से निपटने की क्षमता है जिससे पारस्परिक रूप से लाभप्रद और स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक ढांचा उभरेगा। मेरा मानना है कि यू20 अहमदाबाद हमारे शहरों के बीच सामूहिक कार्य की इस भावना को आकार देने के लिए अग्रणी समूह होगा। जी-20 सचिवालय, राष्ट्रीय इंस्टीट्यूट अफ अर्बन अफेयर्स जो यू20 तकनीकी यू20 में भाग लेना जारी रखेंगे, जिसके बाद जुलाई में मेयरों का शिखर सम्मेलन होगा। जैसा कि हम समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के साझा लक्ष्य को जारी रखे हुए हैं, यू20 के इस छठे संस्करण में एक रोडमैप बनाने का अनूठा अवसर है जो आने वाले वर्षों में शहरी नीतियों के लिए प्रेरित करेगा।

**लेखक, भारत सरकार में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्रातिक गैस मंत्री हैं।**

# नीतीश की महत्वाकांक्षा है तो गलत है

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस बात के लिए आलोचना की है कि वे प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। सोचें, जो व्यक्ति राजनीति में है, दशकों से काम कर रहा है, राज्य की राजनीति में शीर्ष पद पर है, सम्मानित है और सबसे बड़ी बात है कि पढ़ा लिखा है, अगर वह प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखता है तो इसमें क्या गलत है इतना ही नहीं अमित शाह ने नीतीश कुमार को लेकर कहा कि भाजपा ने उनको मुख्यमंत्री बनाने के लिए कहा था और उनको बना दिया लेकिन वे प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखने लगे। सवाल है कि भाजपा के पास और क्या विकल्प था सिर्फ भाजपा ही नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना सकती है, इस मिथक को नीतीश ने दो बार गलत साबित किया है। एक बार राजद के साथ मिल कर भाजपा को हराया था, भाजपा को तीसरे नंबर की पार्टी बनाया और मुख्यमंत्री बने। फिर दोबारा भी भाजपा को छोड़ कर राजद की मदद से मुख्यमंत्री बने।

> **सवाल है कि भाजपा के पास और क्या विकल्प था सिर्फ भाजपा ही नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना सकती है, इस मिथक को नीतीश ने दो बार गलत साबित किया है। एक बार राजद के साथ मिल कर भाजपा को हराया था, भाजपा को तीसरे नंबर की पार्टी बनाया और मुख्यमंत्री बने। फिर दोबारा भी भाजपा को छोड़ कर राजद की मदद से मुख्यमंत्री बने। इसलिए भाजपा नेताओं को यह बात दोहराने की जरूरत नहीं है कि उन्होंने नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। हकीकत यह है कि बिहार में भाजपा को सत्ता नीतीश की बदौलत मिली।**

इसलिए भाजपा नेताओं को यह बात दोहराने की जरूरत नहीं है कि उन्होंने नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। हकीकत यह है कि बिहार में भाजपा को सत्ता नीतीश की बदौलत मिली। कोई 50 साल पहले भी भारतीय जनसंघ पहली बार बिहार की सत्ता में समाजवादियों के साथ ही आई थी। बहरहाल, अमित शाह के नीतीश पर हमले का कारण राजनीतिक कम और निजी ज्यादा लग रहा है। नीतीश और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कई बार अमित शाह को लेकर निजी हमला किया। यहां तक कहा गया कि अमित शाह दस साल के होंगे या हाफ पैंट पहनते होंगे तब से नीतीश राजनीति कर रहे हैं। यह भी कहा गया शाह जब राजनीति में नहीं आए होंगे तब नीतीश सांसद और केंद्र में मंत्री बने थे। ऐसा लग रहा है कि उसी से आहत शाह ने नीतीश की

# विपक्षी एकता क्यों नहीं ?



**अजय दीक्षित**

सुशासन बाबू नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता के लिए कांग्रेस को आग्रह किया है । उनका दावा है कि यदि 2024 में भाजपा बनाम विपक्ष का साझा उम्मीदवार के आधार पर चुनाव लड़ा जाता है, तो भाजपा 100 सीटों तक सिमट सकती है । नीतीश के इस बड़बोले चुनावी गणित का आधार क्या है, हम नहीं जानते, लेकिन कांग्रेस बखूबी जानती है कि ऐसी खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। बहरहाल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने नीतीश के आग्रह और अपील का स्वागत किया है, लेकिन बिना नाम लिए यह तंज भी कसा है कि कुछ लोग विपक्ष की बैठकों में भाग लेते हैं, विपक्षी एकता के सरोकार भी लगातार जताते रहे हैं, लेकिन वे सत्ता पक्ष की गोद में भी बैठते रहे हैं। कमोवेश कांग्रेस की राजनीति ऐसी दोगली नहीं हैं। कांग्रेस हमेशा भाजपा का वैचारिक विरोध करती रही है। विपक्षी गठबंधन पर कांग्रेस अपने रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान विमर्श करेगी और फिर कोई रणनीति तय करेगी। जयराम रमेश ने नीतीश ही नहीं, सभी विपक्षी दलों को यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती, लिहाजा विपक्ष को कांग्रेस की छतरी तले ही एकजुट होना है। बहरहाल यह नीतीश कुमार और कांग्रेस के बीच का संवाद है, जो विपक्षी एकता की एक हूक भर हो सकती है। विपक्ष का विस्तार काफी व्यापक है। दरअसल पहले जो तीसरा मोर्चा बनता था, वह कांग्रेसी समर्थन पर ही जिंदा रहता था। कांग्रेस ने समर्थन वापस लिया और सरकार धड़ाम हुई। अलबत्ता उन मोर्चों की राजनीति कमोबेश संकल्प और देशहित के इर्द- गिर्द की होती थी । आज जो विपक्षी मोर्चा आकार ग्रहण कर सकता है, वह सम्पूर्ण लामबंदी नहीं होगा ।

> **राष्ट्रीय मोर्चा भी नहीं होगा । राज्यों के स्तर पर, सुविधा के मुताबिक, गठबंधन किए जा सकते हैं । राष्ट्रीय मोर्चा की संभावनाएं, इसलिए, क्षीण हैं, क्योंकि विपक्ष के भीतर ही विपक्ष मौजूद है । हरिया त्रिपुरा चुनाव का ही उदाहरण से, दो एक तरफ वामदल और कांग्रेस का गठबंधन था, तो उनके विरोध में तृणमूल कांग्रेस चुनावी समर में रही। इसके समानांतर केरल में वाममोर्चा और कांग्रेसी मोर्चा आमने-सामने होंगे। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बंगाल आदि राज्यों में विपक्षी एकता की दिशा और दशा ही भिन्न है ।**

राष्ट्रीय मोर्चा भी नहीं होगा । राज्यों के स्तर पर, सुविधा के मुताबिक, गठबंधन किए जा सकते हैं । राष्ट्रीय मोर्चा की संभावनाएं, इसलिए, क्षीण हैं, क्योंकि विपक्ष के भीतर ही विपक्ष मौजूद है । हरिया त्रिपुरा चुनाव का ही उदाहरण से, दो एक तरफ वामदल और कांग्रेस का गठबंधन था, तो उनके विरोध में तृणमूल कांग्रेस चुनावी समर में रही। इसके समानांतर केरल में वाममोर्चा और कांग्रेसी मोर्चा आमने-सामने होंगे। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बंगाल आदि राज्यों में विपक्षी एकता की दिशा और दशा ही भिन्न है । यहाँ कई नेता प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाएं पाले हुये हैं । यह दीगर है कि उनके राज्यों के बाहर उनकी स्वीति शून्य सी है । अब केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक और मिजोरम राज्यों में सभी सीटों पर चुनाव लडने की रणनीति पर काम कर रही है । यह राजनीति कांग्रेस और नीतीश के विपक्षी इरादों के बिल्कुल विपरीत है ।

दरअसल विपक्षी एकता के बयान तो खूब आते रहे हैं, लेकिन प्रयास नहीं किए जा पा रहे हैं, जबकि आम चुनाव करीब 15 माह दूर ही हैं। चुनाव की दृष्टि से यह बहुत समय नहीं है। कांग्रेस देश भर में हाथ से हाथ जोडने के दिवास्वप्नों में ही डूबी है। उसे लगता है कि राहुल गांधी की यात्रा का प्रभाव और प्रयोग बेहद सफल रहा है, जबकि यथार्थ यह है कि उसके सामने प्रधानमंत्री मोदी की अकाट्य चुनौती है और संगठित तथा प्रशिक्षित काडर वाली भाजपा का मुकाबला करने में बिखरी कांग्रेस को अभी न जाने कितना वक्त लगेगा ! चुनावी यथार्थ यह भी है कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है । उत्तर प्रदेश में 2 ही विधायक हैं और सांसद सोनिया गांधी ही हैं । ऐसे में सपा-बसपा के साथ गठबंधन कैसे होगा ?

# माइक्रोवेव में झटपट बनाएं जा सकते हैं ये 5 तरह के व्यंजन, जानिए आसान रेसिपी

कुछ लोग गैस पर खाना बनाने से हमेशा बचते रहते हैं। ऐसे में उनके लिए माइक्रोवेव काफी उपयोगी हो सकता है। माइक्रोवेव में खाना गर्म करने के अलावा, कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाएं जा सकते हैं। इसमें कुछ व्यंजन जल्दी बन सकते हैं और इसके लिए आपको बहुत ज्यादा मेहनत करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। आइए आज हम आपको 5 व्यंजनों की ऐसी रेसिपी बताते हैं, जो माइक्रोवेव में झटपट बनाएं जा सकते हैं।

**गाजर का हलवा** सबसे पहले कद्दूकस की हुई गाजर और घी को एक साथ मिलाएं, फिर इसे 5 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। इसके बाद इस मिश्रण में दूध और चीनी डालकर दोबारा से 10 मिनट के लिए माइक्रोवेव कर लें। अब मिश्रण को चम्मच से मिलाएं और फिर से 10 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। 10 मिनट के बाद हलवा माइक्रोवेव से बाहर निकालें और इसमें इलायची और मेवे डालकर 2 मिनट के लिए और माइक्रोवेव करने के बाद गरमागरम परोसें।



**ब्राउनीज** सबसे पहले एक कटोरे में डार्क चकलेट और मक्खन डालकर इसे 20 सेकंड के लिए माइक्रोवेव में रखकर पिघला लें। अब एक दूसरा कटोरा लें और इसमें मैदा, चीनी और नाम डालकर अच्टे से दें टें। इसके बाद दोनों मिश्रण को एक साथ मिलाएं। अब एक बेकिंग टिन लें और उसमें मिश्रण डालकर 2 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। जब यह अच्टे से पक जाए तो इसके ऊपर चकलेट सिरप डालकर परोसें।

**आलू के चिप्स** इसे बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू को अच्टे से धोकर छील लें और फिर इसे पतले स्लाइस में काटें। अब सभी चिप्स को एक कटोरे में डाल दें और इसमें जैतून का तेल और नमक डालकर अच्टे से मिलाएं। अब इन चिप्स को माइक्रोवेव की प्लेट पर रखें और 3-4 मिनट के लिए माइक्रोवेव में क्रिस्पी होने तक अच्टे से पकाएं। इन चिप्स को टमाटर की केचअप के साथ गरमागरम परोसें।

**पनीर टिक्का**

सबसे पहले एक कटोरे में दही लें और उसमें लहसुन-अदरक का पेस्ट, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर, कसूरी मेथी , नींबू का रस और थोड़ा सिरका डालकर अच्टे से मिलाएं। अब इसमें पनीर के टुकड़े डालें और फिर इसे कम से कम 2 घंटे के लिए अगल रख दें ताकि पनीर मिश्रण का स्वाद अच्टे से सोख लें। इसके बाद इसे माइक्रोवेव में लगभग 4-5 मिनट तक पकाएं।

# ज-लाइन को सही रूप देने में मदद करते हैं ये 5 फेस योगासन, ऐसे करें अभ्यास

परफेक्ट ज-लाइन सभी की चाहत होती है और इसके लिए बहुत से लोग घंटों जिम में बिताते हैं, लेकिन इससे भी उन्हें कुछ खास लाभ नहीं मिलता है। हालांकि, जिम में बहुत पसीना बहाए बिना घर पर योग करके भी एक अच्छी ज-लाइन प्राप्त की जा सकती है। आइए आज हम आपको ऐसे ही 5 फेस योगासन के बारे में बताते हैं, जो एक परफेक्ट ज-लाइन लाने में मदद करने के साथ-साथ त्वचा की देखभाल भी करते हैं। **फिश फेस योग** फिश फेस योग चेहरे की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाएं बिना गाल की मांसपेशियों को स्ट्रेच करने में मदद करता है। इससे त्वचा के टाइट होने के साथ डबल चिन की समस्या भी कम होती है। लाभ के लिए पहले पद्मासन की मुद्रा में बैठें और फिर गाल और होठों अंदर की ओर खींचते हुए मुंह को मछली जैसा आकार दें। इस स्थिति में कुछ सेकंड रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। इसे रोजाना 5 बार जरूर करें। **एयर किस योग** एयर किस योग जबड़े की चर्बी को कम करने और मुंह के आसपास की रेखाओं को हटाने के लिए काफी प्रभावी है। इसके अलावा इससे गर्दन का मोटापा भी कम होता है। सबसे पहले सेल्फी लेते समय जैसे मुंह का पाउट बनाया जाता है, ठीक वैसे ही पाउट बनाएं और फिर ऊपर की तरफ 20 सेकंड के लिए देखें। अब मुंह सामान्य करके मुस्कुराएं और मुंह के चारों ओर मजबूती से दवाब डालें। इसे कम से कम 3-4 बारे करें। **जीभ की एक्सरसाइज** जीभ स्ट्रेच करने वाली एक्सरसाइज से ठुड्डी की नीचे की मांसपेशियों में खिचांव महसूस होता है। इससे ज-लाइन को सही रूप मिलता है और चेहरे की चर्बी कम होती है।

## अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने दो भारतीय नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने एक नौका के जरिए अवैध रूप से कनाडा से देश में दाखिल होने के लिए दो भारतीय नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

अमेरिका के सीमा गश्त अधिकारियों ने मिशिगन राज्य में एलगोनेक के निकट तस्करी के प्रयास के दौरान इन पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीपी ने कहा कि 20 फरवरी को देर रात सेंट क्लेयर नदी पर एक नौका को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए देखा गया, जिसके बाद तुरंत क्षेत्र में मौजूद अधिकारियों से संपर्क किया गया। अधिकारियों ने देखा कि दो प्रवासी ठंडे तापमान में, पानी में भीगे हुए थे और कांप रहे थे। उन लोगों ने अधिकारियों को बताया कि नाव से उतरते समय वे नदी में गिर गए थे। इसके बाद सभी पांच व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया और आगे की प्रक्रिया के लिए एक स्थानीय स्टेशन ले जाया गया।

सीबीपी ने कहा, जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि प्रवासियों में से दो भारत, एक नाइजीरिया, एक मैक्सिको और एक डोमिनिक रिपब्लिक से है।

## भारत यात्रा पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराएंगे ब्लिंकन: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे।

ब्लिंकन (60) पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के बाद बुधवार रात नयी दिल्ली पहुंचे। वह मुख्य रूप से जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्से लेने के लिए भारत आए हैं, जिसके इतर वह चड (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठक करेंगे और उनके साथ एक पैनल चर्चा में भी हिस्सा लेंगे। श्चड में अमेरिका, भारत, अस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, विदेश मंत्री ब्लिंकन अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराएंगे और दोनों देशों के बीच आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सहयोग का विस्तार करने के लिए चड जैसे समूहों में साथ मिलकर काम करना जारी रखने को लेकर भी प्रतिबद्धता जाहिर करेंगेज।

ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्लिंकन के नयी दिल्ली पहुंचते ही उनके उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, नमस्ते इंडिया।

## पाकिस्तान में एक दर्जन आतंकी संगठन मौजूद, उसे अमेरिका से कोई मदद नहीं मिलनी चाहिए: हेली

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने कहा है कि पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं और इस देश को अमेरिका से मदद नहीं मिलनी चाहिए।साउथ कैरोलाइना की दो बार गवर्नर रह चुकीं हेली (51) ने साल 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना प्रचार अभियान शुरू किया था। हेली ने ट्वीट किया, पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं।

# रेलवे के मुरादाबाद मंडल में संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क को विद्युतीकरण के साथ हासिल की उपलब्धि

**दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क को विद्युतीकरण के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

मुरादाबाद मंडल के छः जोनल रेलवे (ईसीओआर, एनसीआर, एनईआर, ईआर, एसईआर, डब्ल्यूसीआर) पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हुए है। इसके अलावा अत्यधिक उपयोग में आने वाला नेटवर्क (एचयूएन–5), झांसी-मुजफ्फरपुर-कटनी पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो गए है। भारतीय रेलवे ने विद्युतीकरण के मामले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर पूर्व रेलवे के तहत सुभागपुरी-पछपेरवाब्रॉडगेज (बीजी) मार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के साथ भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश में सभी बीजी मार्गों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है। इससे क्षेत्र में रेल संपर्क बेहतर होगा और रेलगाड़ियों की गति में बढ़ोत्तरी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर भारतीय रेलवे की सराहना की। इस उपलब्धि के साथ भारतीय रेलवे ने छः जोनल रेलवे अर्थात पूर्वी तटीय रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे में बीजी मार्गों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है। इसके अलावा अत्यधिक उपयोग में आने वाला नेटवर्क (एचयूएन –5), झांसी–मुजफ्फरपुर–कटनी का अब तमक पूर्ण रूप से विद्युतीकरण हो गया है।



इससे भटनी–वाराणसी–नैनी(इलाहाबाद)–मानिकपुर–सतना–कटनीऔरछपरा–वाराणसीसहितझांसी–लखनऊ–बाराबंकी–बुढ़वाल,गोंडा–आनंदनगर–गोरखपुर–वाल्मीकिनगर–सुगौली, मुजफ्फरपुर–बछवाड़ा और नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा–समस्तीपुर, सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर–हाजीपुर के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। 85 प्रतिशत हिस्से के विद्युतीकरण के साथ भारतीय रेल मिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को पूरा करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। यह विश्व में सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क बन गया है।

## पति-पत्नी ने 5 बच्चों के साथ नहर में लगाई छलांग, 25 किमी दूर जाकर मिले शव

**जालोर , एजेंसी ।** राजस्थान से एक दिल दहला देने वाली दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के सभी लोगों ने नहर में कूदकर सुसाइड कर लिया है। जानकारी के मुताबिक जालोर जिले में एक दंपति अपने पांच बच्चों के साथ नहर में कूद गया जहां डूबने से सातों की मौत हो गई। मृतकों में शंकरलाल (32) और उसकी पत्नी बादली (30) ने अपने पांच बच्चों के साथ नर्मदा के मुख्य नहर में सिद्धेश्वर पालदी के पास छलांग लगा ली। बताया जा रहा है कि घरेलू कलह के बाद दंपति ने यह कदम उठाया।वहीं मौत को गले लगाने से पहले सभी लोगों ने अपने पैरों को एक-दूसरे से रस्सी से बांध लिया था। मरने वालों में पति-पत्नी के अलावा पांच बच्चे शामिल हैं जिनकी उम्र 3 से 12 साल के बीच है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बता दें कि मृतक का परिवार जालौर जिले के सांचौर थाना क्षेत्र के गलीफा गांव में रहता था।

घटना के बाद सांचौर थाने के एसएचओ निरंजन प्रताप सिंह का कहना है कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने बचाव का काम शुरू किया जिसके बाद सभी शवों को निकाल लिया गया है। वहीं मृतक परिवार के परिजनों का कहना है कि झगड़े के बाद सभी मंगलवार को दोपहर में घर से निकल गए थे। इसके बाद सभी ने बुधवार दोपहर ढाई बजे नर्मदा नहर में छलांग लगा दी जिनके शव शाम करीब साढ़े छह बजे मिले।

वहीं बुधवार को पुलिस को सूचना मिली की जालौर के सांचौर थाना क्षेत्र में एक दंपति अपने पांच बच्चों के साथ नहर में कूद गया है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## डीडब्ल्यूबी अवैध नियुक्तियां : दिल्ली की अदालत ने आप विधायक

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड (डीडब्ल्यूबी) में कथित अवैध नियुक्तियों से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दे दी। मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज किया था।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई न्यायाधीश एम के नागपाल ने कहा कि यह एक उपयुक्त मामला है जहां आरोपी को लंबित मुकदमे में जमानत दी जानी चाहिए और उन्हें खान सहित सभी 11 को हिरासत में लेने का कोई आधार नहीं मिला, जो वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

हालांकि सीबीआई ने आरोप लगाया है कि वेतन या अन्य परिलब्धियों के रूप में सरकारी खजाने को 27 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ, लेकिन जांच के दौरान एजेंसी द्वारा किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

सीबीआई की प्राथमिकी में अपराधों का संज्ञान लेने के बाद अदालत ने पिछले साल नवंबर में आरोपियों को तलब किया था।

उनकी पेशी पर उन्हें उनके नियमित जमानत आवेदनों के निस्तारण तक व्यक्तिगत मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

न्यायाधीश ने जमानत देते हुए कहा कि जांच के दौरान एक अभियुक्त की गिरफ्तारी न होना एक महत्वपूर्ण या प्रमुख कारक है, जिसे जमानत देने के प्रश्न पर विचार करते समय विचार किया जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि हालांकि इस मामले में आरोपपत्र पिछले साल अगस्त में सीबीआई द्वारा आईपीसी की धारा 120एबी के तहत आपराधिक साजिश के अपराध के लिए दायर किया गया था, जिसे रोकथाम की धारा 13(2) और 13(1)(डी) के साथ जोड़ा गया था।

## योगी सरकार ने साथी पर चलाया बुल्डोजर तो डरा अतीक अहमद, सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार-मुझे यूपी मत जाने देना

**प्रयागराज एजेंसी ।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ योगी सरकार का सख्त एक्शन अमल में लाया जा रहा है। आज माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के प्रयागराज स्थित घर को बुलडोजर से गिराया गया। घर से तलवार, पिस्टल और राइफल भी मिली है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकिया मोहल्ले में जफर के दो मंजिला मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर लगाकर गिराया। इस घर की मार्केट वैल्यू करीब 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

समाजवादी पार्टी के पूर्व नेता अतीक अहमद ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा है कि उमेश पाल हत्या मामले में उन्हें भी लपेटा जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में आम सहमति बनाने का आह्वान किया

**नयी दिल्ली,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जी-20 देशों से वैश्विक चुनौतियों पर आम सहमति बनाने और भू-राजनीतिक तनावों पर मतभेदों के कारण समग्र सहयोग को प्रभावित नहीं होने देने का आह्वान किया। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के संबंध में देशों के अलग-अलग रुख के बीच प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया। जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने बुद्ध तथा महात्मा गांधी का उल्लेख किया और प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें श्जो विभाजित करने वाले मुद्दों की बजाय एकजुट करने वाले मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है। दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक और विकासशील देशों के विदेश मंत्री बैठक में प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। कई राजनयिकों का मानना है कि यह विवादास्पद हो सकता है, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम और रूस-चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह बैठक हो रही है। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष विदेश मंत्रियों की बैठक में एक संयुक्त बयान पर सहमति बनाने की बहुत कोशिश कर रहा है, लेकिन पश्चिम के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर पूर्व-पश्चिम के तनावग्रस्त संबंधों के कारण इसकी संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व जी-20 से वृद्धि, विकास, आर्थिक लचीलेपन, आपदा, वित्तीय स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय अपराध, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों को कम करने की उम्मीद करता है। मोदी ने यूक्रेन या अन्य किसी विवादास्पद मुद्दे का जिक्र किए बिना कहा, श्जी-20 में इन सभी क्षेत्रों में आम सहमति बनाने और ठोस परिणाम देने की क्षमता है। हम जिन मुद्दों को हल नहीं कर सकते, उन्हें उन मामलों के संदर्भ में बाधक नहीं बनने देना चाहिए, जिनका समाधान हम निकाल सकते हैं। मोदी ने कहा, श्चूंकि आप बुद्ध और गांधी की भूमि में एकत्रित हुए हैं, मैं निवदेन करता हूं कि आप भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें, जो हमें विभाजित करने वाले मुद्दों की बजाय एकजुट करने वाले मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, चीन के विदेश मंत्री किन गांग, ब्रिटेन के मंत्री जेम्स क्लेवरली और विदेश मामलों के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोंटेल्स विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। मोदी ने कहा, श्आप ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब वैश्विक स्तर पर गहरे मतभेद हैं। विदेश मंत्रियों के रूप में, यह स्वाभाविक है कि आपकी चर्चाएं आज के भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित हों।

इन तनावों को कैसे हल किया जाना चाहिए, इस पर हम सभी के अपने अपने रुख और दृष्टिकोण हैं। उन्होंने कहा, श्हालांकि, दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हमारी उन लोगों के प्रति भी जिम्मेदारी है जो यहां नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुपक्षवाद आज संकट में है। उन्होंने कहा, श्वित्तीय संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध जैसे पिछले कुछ वर्षों का अनुभव स्पष्ट रूप से दिखाता है कि वैश्विक शासन अपने दोनों जनादेशों में विफल रहा है।

## आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए उच्च स्तरीय बहस आयोजित करेगा यूएनएससी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** मोजांबिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रपति फिलिप न्यासी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बहस बुलाएगा। यह बात परिषद में मोजांबिक की स्थायी प्रतिनिधि प्रेडो कोमिसारियो अफोंसो ने परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दुनिया के लिए एक बड़े चिंता का विषय है।

अफोंसो ने महीने के लिए परिषद के एजेंडे के बारे में बुधवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा, आतंकवाद आज दुनिया में बहुत चिंता का विषय है, इसलिए हमें इसे खत्म करने के लिए अपने प्रयासों को एकजुट करने की जरूरत है।

भारत, जिसने पिछले दो वर्षों में परिषद में अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) का नेतृत्व किया, ने आतंकवाद के अभिशाप पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया।दिसंबर में इसकी अध्यक्षता के दौरान, भारत ने आतंकवाद से लडने पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में परिषद की एक मंत्रिस्तरीय बैठक बुलाई।भारत सीटीसी के सदस्यों को मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों के स्थल पर लाया, जिसमें 170 से अधिक लोग मारे गए थे ताकि खतरे पहचाना जा सके।अफोंसो ने कहा, आतंकवादी खतरा हमेशा बना रहता है और कई लोगों और कई देशों को इसका अनुभव है कि कैसे आतंकवादी वहां किसी भी समय हमला कर सकते हैं।कुछ देशों द्वारा किए जाने वाले बहाने को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, आतंकवाद आतंकवाद है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से निपटने में परिषद की अक्षमता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि यह सामान्य रूप से संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता को प्रभावित नहीं करता है।

## नागालैंड में पहली बार महिला विधायक, हेकानी और क्रुसे ने दर्ज की जीत

**कोहिमा एजेंसी ।** नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव पार्टी की हेकानी जाखालू दीमापुर तीन सीट जीतकर नगालैंड की पहली महिला विधायक बन गई हैं। हेकानी ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एजेटो झिमोमी को 1536 वोट से हराया। 47 साल की हेकानी को 14,395 वोट मिले। वे 7 महीने पहले ही राजनीति में आई हैं।जाखलू को 14,395 वोट मिले, वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अजेतो झिमोमी को 12,859 वोट मिले। इसके साथ ही एक अन्य महिला उम्मीदवार एनडीपीपी की सल्हौतुओनुओ क्रूस भी पश्चिमी अंगामी सीट से आगे चल रही हैं।

## प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सीजेआई की सलाह पर राष्ट्रपति करेंगे सीईसी, चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

**नयी दिल्ली,एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को फैसला दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होंगे। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से अपने फैसले में कहा कि यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक कि संसद इस मुद्दे पर कानून नहीं बना देती। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर लोकसभा में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में शामिल किया जाएगा। पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कलेजियम जैसी प्रणाली की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ।षिकेश रय और जस्टिस सीटी रविकुमार भी शामिल हैं। पीठ ने चुनाव प्रक्रिया में शुद्धता पर जोर दिया और कहा कि लोकतंत्र आंतरिक रूप से लोगों की इच्छा से जुड़ा हुआ है। जस्टिस जोसेफ द्वारा लिखे गए फैसले से सहमत न्यायमूर्ति रस्तोगी ने अपने तर्क के साथ एक अलग फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव निस्संदेह निष्पक्ष होना चाहिए और इसकी शुद्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। उसने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता को बनाए रखा जाना चाहिए अन्यथा इसके विनाशकारी परिणाम होंगे। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संवैधानिक ढांचे तथा कानून के दायरे में काम करना चाहिए और वह अनुचित तरीके से काम नहीं कर सकता।

## द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां इटली की अपनी समकक्ष ज्यर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत की और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया.मेलोनी के राजकीय दौरे पर यहां पहुंचने पर राष्ट्रपति भवन में उनका रस्मी स्वागत किया गया. बाद में मोदी ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता शुरू करने से पहले मेलोनी का अभिवादन किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया कि राजनीतिक, व्यापार एवं आर्थिक, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, वाणिज्य दूतावास और सांसतिक क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक विस्तृत एजेंडे का इंतजार है.बागची ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनके इतालवी समकक्ष के बीच बातचीत चल रही है. बागची ने कहा कि दोनों नेता विकास को बढ़ावा देने, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर तालमेल को गहरा करने की परस्पर प्रतिबद्धता के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. भारत और इटली इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष मना रहे हैं.विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध साझा सांसतिक मूल्यों, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता, हरित ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर आधारित हैं

## बिहार के मजदूरों को घेर–घेर कर पीट रहे तमिलनाडु के लोग, 12 को फंदे पर लटकाने का दावा

**जमुई एजेंसी ।** तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों को तालिबानी सजा देने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मजदूरी से उठे विवाद के बाद अब हिंदी बोलने वालों को चुन-चुनकर काटा जा रहा है।

जमुई के युवक ने दावा किया कि कि इन लोगों ने 12 मजदूरों को एक कमरे में बंद कर के फांसी के फंदे पर लटका दिया। 15 से ज्यादा मजदूरों की हत्या का दावा किया जा रहा है। वहीं, मजदूरों ने वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है।

## अतीक अहमद की 40 संपत्तियों की पुलिस कर रही जांच

**प्रयागराज एजेंसी ।** प्रयागराज पुलिस और जिला प्रशासन ने जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद की 40 संपत्तियों को शर्टलिस्ट किया है और यह पता लगाने के लिए रिकर्ड खंगाल रहे हैं कि क्या उन्हें अवैध तरीकों से खरीदा गया था। पुलिस, राजस्व और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के अधिकारी कसारी मसरी, करेली, हरवारा, सादियापुर, मुंडेरा, अटाला, गद्दोपुर और जिले के अन्य इलाकों में अतीक की संपत्तियों का विवरण एकत्र कर रहे हैं।बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल की हालिया हत्या में अतीक और उसके परिवार के सदस्यों का नाम आने के बाद 2018 में शुरू हुई कार्रवाई तेज हो गई है।

नवंबर 2022 में, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अतीक की अवैध संपत्ति पर एक डोजियर तैयार किया था और बाद में प्रयागराज, कौशांबी और लखनऊमें कई संपत्तियों को कुर्क किया था।डोजियर के अनुसार, पुलिस पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत अतीक और उसके परिजनों की 150 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।साथ ही प्रयागराज और आसपास के जिलों में 180 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को ध्वस्त किया गया है।

साथ ही, उसके गिरोह के सदस्यों और करीबी सहयोगियों की 85 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है और अब तक 570 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को ध्वस्त किया गया है।पुलिस ने पिछले पांच वर्षों में गिरोह के एक दर्जन से अधिक शस्त्र लाइसेंसों को कुर्क, जब्त और निलंबित या रद्द कर दिया है।एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, हमने प्रयागराज और पड़ोसी जिलों में काम शुरू किया है। पुलिस ने गैंगस्टर और उसके सहयोगियों के आर्थिक साम्राज्य को अन्य राज्यों में भी ध्वस्त करने के लिए एक योजना तैयार की है।अतीक वर्तमान में गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, जबकि उसके कई सहयोगी भी यूपी की विभिन्न जेलों में बंद हैं।इस बीच, प्रयागराज में गोली लगने की घटना में घायल 32 वर्षीय पुलिस कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह ने भी दम तोड़ दिया। सिंह पाल की सुरक्षा में तैनात थे और जब उन पर हमला हुआ तो वह उनके साथ थे।

# श्रीलंका की मेजबानी के लिये न्यूजीलैंड टेस्ट टीम घोषित



क्राइस्टचर्च,। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने श्रीलंका के खिलाफ अगले हफ्ते से होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये 13-सदस्यीय स्चड की घोषणा की।

एनज़ेडसी के चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के विरुद्ध समाप्त हुई हालिया टेस्ट सीरीज से टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। न्यूज़ीलैंड ने पहले टेस्ट में 267 रन की हार के बाद दूसरा टेस्ट एक रन से जीतकर सीरीज़ 1-1 से बराबर की थी।

न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने महसूस किया कि हमारे यहां जो 13 (खिलाड़ी) हैं, वे आगे बढ़ने के लिये सही हैं। मुझे लगता है कि जब आपके पास (दूसरे टेस्ट में) इस तरह की जीत हो तो आपका आत्मविश्वास बेहतर होगा।

इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट शृंखला के बाद सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की कमर में खिंचाव जबकि तेज गेंदबाज मैट हेनरी की पीठ में जकड़न है। स्टीड ने हालांकि श्रीलंका टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पूर्व दोनों के फिट होने की उम्मीद जताई है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2021 की विजेता न्यूजीलैंड इस बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल से बाहर हो चुकी है, हालांकि श्रीलंका के पास फाइनल में पहुंचने का मौका है।

श्रीलंका अगर न्यूजीलैंड को 2-0 से हरा दे और भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से परास्त कर दे तो जून में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में श्रीलंका-भारत आमने सामने होंगे।

भारत फिलहाल घरेलू शृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत नौ मार्च को होगी।

श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिये न्यूजीलैंड टीम : टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे, केन विलियम्सन, विल यंग, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी (कप्तान), मैट हेनरी, नील वैगनर, स्कॉट कुगलेइन, ब्लेयर टिकनर, जेकब डफी, ईश सोढ़ी।

## हाकी : फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा और राउंड ग्लास पंजाब जीते

लखनऊ,। पिछले संस्करण की विजेता फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा और राउंड ग्लास पंजाब की टीम ने 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को खेले गए मैच में अपने-अपने प्रतिद्वंदियों के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की।

केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा ने राजा करन हॉकी को 13-0 से और राउंड ग्लास पंजाब ने भीलवाड़ा राजस्थान को 8-0 से मात दी। वही मेजबान यूपी की ब्लू टीम को नवल टाटा ओडिशा ने 2-0 से हराया।फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा की जीत में जसकीरत ने सात गोल दागे। उन्होंने 11वे, 14वे, 22वे और 42वे मिनट में गोल दागने के बाद 56वे, 57वे व 58वे मिनट में लगातार तीन गोल करते हुए अपनी हैट-ट्रिक भी पूरी की। राउंड ग्लास पंजाब ने पूरे मैच में आक्रमक अंदाज का प्रदर्शन किया तो टीम के डिफेंस ने भी शानदार खेल दिखाया जिससे विरोधी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

# रांभा के गोलों से शानदार विक्ट्री, अजमल भी जीता



नयी दिल्ली। तेज तर्रार स्ट्राइकर कंग कंग राभा के दो बेहतरीन गोलों की मदद से विक्ट्री क्लब ने भारतीय वायुसेना (पालम) को 2-0 से हराकर फुटबॉल दिल्ली ए-डिवीजन लीग में पहली विक्ट्री दर्ज की।

दिन के दूसरे मैच में अजहरुद्दीन और सुमित घोष के दर्शनीय गोलों से अजमल फुटबॉल क्लब ने शक्ति क्लब को 2-0 से हराया।

नेहरू स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विक्ट्री ने भारतीय वायुसेना को खेल का अच्छा पाठ पढ़ाया और पूरे अंक अर्जित किये।

विक्ट्री को जमने से पहले ही रेफरी के एक हैरान करने वाले निर्णय का शिकार होना पड़ा और रक्षापंक्ति के खिलाड़ी विकास की सेवाओं से वंचित होना पड़ा। विकास को लाल कार्ड मिलने के बावजूद विक्ट्री ने दस खिलाड़ियों के साथ ही राभा के गोल से बढ़त बना ली। मैन आफ द मैच राभा ने कुछ देर बाद एक और गोल करके विक्ट्री की जीत सुनिश्चित की।

विक्ट्री की जीत में गोल कीपर डेविड की भूमिका सराहनीय रही, जिसने आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव किए। खेल पर अधिकांश समय विक्ट्री का दबदबा रहा।

इससे पहले, पूर्व मिस्टर यूनिवर्स दिनेश सवाल ने बुधवार को ए-डिवीजन लीग का उद्घाटन किया। इस लीग का आयोजन दिल्ली सॉकर एसोसियेशन (फुटबॉल दिल्ली) द्वारा किया जा रहा है।

## जायसवाल का दोहरा शतक, शेष भारत मज़बूत



ग्वालियर । युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (213) के दोहरे शतक और सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (154) के दमदार शतक की बदौलत शेष भारत ने मध्य प्रदेश के खिलाफ ईरानी कप मुकाबले के पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 381 रन बना लिये।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शेष भारत के कप्तान मयंक अग्रवाल (02) बड़ा योगदान नहीं दे सके, हालांकि ईश्वरन और जायसवाल पूरा दिन मध्य प्रदेश पर हावी रहे।


तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे जायसवाल ने 259 गेंद पर 30 चौकों और तीन छक्कों के साथ 213 रन बनाये। जयसवाल को 176 और 181 रन के स्कोर पर दो जीवनदान मिले, जिसका लाभ उठाते हुए उन्होंने 230 गेंद पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। जायसवाल ईरानी कप में दोहरा शतक बनाने वाले 10वें बल्लेबाज हैं।

जायसवाल का साथ देते हुए ईश्वरन ने 240 गेंद पर 17 चौकों और दो छक्कों के साथ 154 रन बनाये।

जायसवाल-ईश्वन ने दूसरे विकेट के लिये 371 रन की विशाल साझेदारी की, हालांकि दिन का खेल खत्म होने से तीन ओवर पूर्व दोनों बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। जायसवाल को आवेश खान (51/2) ने बोल्ड किया, जबकि ईश्वरन की पारी का अंत रनआउट से हुआ। दिन का खेल खत्म होने पर सौराभ कुमार और बाबा इंद्रजीत क्रीज़ पर मौजूद रहे।

# इंडियन ओपन : शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने स्वर्ण जीता

विजयनगर ,। स्टार शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) में 19.95 मीटर की थ्रो के साथ मीट रिकॉर्ड तोडक़र दूसरी इंडियन ओपन थ्रो और जंप प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्ण पदक जीता। अपने शानदार प्रदर्शन के साथ तूर ने 19 मीटर के निशान को पार करके एशियाई खेलों में एक स्थान के लिए भी चलीफाई किया, जो पुरुषों के शॉट पुट में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा निर्धारित एशियाई खेलों के लिए चलीफाइंग मानक है।सर्किट पर नए स्टार करणवीर सिंह ने 19.54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जिन्होंने एशियाई खेलों के लिए कट बनाने के लिए एएफआई द्वारा निर्धारित योग्यता मानक को भी तोड़ दिया। साहिब सिंह ने 18.77 मीटर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया।अपने प्रदर्शन के बाद तजिंदर ने कहा, यह सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता है, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं। मैं 20 मीटर के निशान को पार करना चाहता था, लेकिन थोड़ा कम हो गया। इस साल मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड तोडऩा है।दूसरी ओर, महिलाओं के शॉट पुट में मनप्रीत कौर ने 16.73 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों के चलीफिकेशन मार्क 16.30 मीटर को भी तोड़ दिया। आभा खटुआ ने 15.06 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता और कांस्य पदक राजस्थान की कचनार चौधरी ने 14.34 मीटर की थ्रो के साथ जीता।बाद में पुरुषों के भालाफेंक में ओडिशा के किशोर जेना ने 78.93 मीटर थ्रो के साथ रोहित यादव द्वारा बनाए गए मीट रिकॉर्ड को तोड़ा। रजत पदक पंजाब के सर्बजीत सिंह ने 75.63 मीटर के थ्रो के साथ जीता और अभिषेक द्राल ने 73.51 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में किशोर जेना ने 78.93 मीटर की दूरी से जीत हासिल की। उन्होंने एशियाई खेलों के लिए भी कट बनाया, क्योंकि पुरुषों के भाला फेंकने वालों के लिए प्रवेश मानक 78.23 मीटर निर्धारित किया गया था।करिश्मा सानिल (कर्नाटक) ने महिलाओं की स्पर्धा में 47.60 मीटर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि हेमामालिनी नीलकंडा (तमिलनाडु) और प्रिया अत्री (उत्तर प्रदेश) ने अपने-अपने प्रयास 45.78 और 45.75 मीटर के साथ रजत और कांस्य जीता।



पुरुषों और महिलाओं की चक्का फेंक स्पर्धाओं में क्रमशः मंजीत (51.24 मी) और कलावती बसप्पा तेली (44.83 मी) ने जीत हासिल की। हैमर थ्रो में युवराज जाखड़ (52.69 मीटर) पुरुषों की प्रतियोगिता में विजयी हुए, जबकि रेखा के 54.44 मीटर ने महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## फिल्मी सफर

# फिल्म ज्विगाटो का ट्रेलर रिलीज, हसांने नहीं, इस बार रुलाने आए कपिल शर्मा

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन हास्य कलाकारों का जिक्रहोता है तो कपिल शर्मा का चेहरा खुद-ब-खुद आंखों के सामने आ जाता है। वह ना सिर्फ एक अच्छे कॉमेडियन और गायक हैं, बल्कि एक अच्छे अभिनेता भी हैं। कपिल को आपने पहले फिल्मों में भी देखा होगा। पिछले कुछ समय से वह फिल्म ज्विगाटो को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी इस फिल्म के ट्रेलर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।




ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक शख्स एक छोटी से छोटी नौकरी पाने की तलाश में संघर्ष करता है। कपिल इसमें एक डिलिवरी बॉय की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने परिवार की खुशी के लिए ज्यादा से ज्यादा डिलिवरी करने को प्रयासरत है। फिल्म के जरिए देश में काम करने वाले एक डिलिवरी बॉय के दर्द को बताने की कोशिश की गई है। इस इमोशनल फिल्म में कपिल का गंभीर अवतार देखने लायक है।

यह फिल्म एक गंभीर विषय पर है और वो संवेदनशीलता ट्रेलर में साफ दिख रही है। मजबूरी और मजदूरी की लड़ाई लड़ते कपिल का अभिनय इसे लेकर उत्सुकता बढ़ाता है। फिल्म में छोटे-छोटे प्यार भरे और हंसी के पल भी इसे खास बनाते हैं।ट्रेलर पोस्ट करते हुए कपिल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, टिंग टॉन्ग! आपका ज्विगाटो ट्रेलर डिलिवर हो गया है। प्लीज रेटिंग देना मत भूलिएगा। उनके इस पोस्ट पर ज्यादातर प्रशंसकों ने 10 में से 10 रेटिंग दी है। एक ने लिखा, छा गए पाजी। एक ने लिखा, हमें नहीं पता था कि हमें हंसाने वाले कपिल हमें रुला भी सकते हैं। फिल्म में कपिल ने एक आम आदमी की भूमिका निभाई है, जो जिंदगी में परेशानियों का सामना कर रहा है।

कपिल को उनकी उम्दा कॉमेडी के लिए जाना जाता है। बावूजद इसके वह गंभीर किरदार में जंच रहे हैं। हालांकि, कहीं-कहीं पर डायलॉग डिलिवरी उतनी जमती नहीं, लेकिन कपिल के अभिनय में पहले से काफी निखार आया है। इस फिल्म का निर्देशन अभिनेत्री नंदिता दास ने किया है, जिन्होंने इससे पहले मंटो जैसी शानदार फिल्म का निर्देशन किया था। फिल्म में शहाणा गोस्वामी, कपिल की पत्नी की भूमिका में है।

## सलमान खान ने दिखांई बिल्ली बिल्ली गाने की झलक, फिल्म ईद के मौके पर 21 अप्रैल को होगा रिलीज



बॉलीवुड के भाई और फैन्स की जान सलमान खान अपने पंजाबी गाने बिल्ली बिल्ली की वजह से ट्विटर ट्रेंड पर छाए हुए हैं. दरअसल सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के गाने बिली बिनी का टीजर रिलीज हो चुका है. पहले गाने से अलग ये थोड़ा पेपी और डांसिंग नंबर लग रहा है. भाई ने भी जितना डांस दिखाया है वह बढिय़ा लग रहा है. बिल्ली बिल्ली में सलमान खान फिल्म की लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े के साथ ठुमका लगाते दिख रहे हैं. गाने में भाई का लुक देखकर उनके पुराने दिनों की याद आ रही है. सूट-बूट, कानों में बाली और हाथ में वो ब्रेसलेट सलमान के लुक में चार चांद लगा रहा है. वैसे ईमानदारी से कहें तो ये वाला पहले गाने से बहुत बेहतर है. पहले गाने की वजह से भाई की काफी ट्रोलिंग भी हुई थी.

सलमान खान ने बिग बॉस के सेट पर फिल्म का पहला गाना नइओ लगदा रिलीज किया था. गाना तो ठीक था लेकिन डांस ऐसा था कि किसी को हजम नहीं हुआ. इसे देखकर तो सलमान के फैन्स ने भी यही कहा कि भाई ये क्या कर डाला. फिलहाल इसके उलट बिली बिली को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं.

इस गाने को लीजेंड्री सिंगर सुखबीर ने गाया है. जी हां वही सुखबीर जो पहले इश्क तेरा तड़पावे और सौदा खरा खर जैसे हिट नंबर दे चुके हैं. सिंगिंग वाले हिस्से से हटकर वीडियो की बात करें तो इस वीडियो में करीब 300 बैग्राउंड डांसर्स ने परफॉर्म किया है. गाने का ऑडियो 27 फरवरी को शेयर किया गया था और 1 मार्च को टीजर रिलीज कर दिया गया. इस फिल्म का दूसरा गाना बिल्ली बिल्ली आज रिलीज किया जाएगा।

## कंगना रनौत चंद्रमुखी 2 के सेट पर लौटीं, साझा की पोस्ट



एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी बिजी हैं। फिल्म में कंगना रनौत ने एक निर्देशक के रूप में और एक अभिनेता के रूप में दो मोचरें पर काम किया है। क्वीन की एक्ट्रेस ने चंद्रमुखी 2 के लिए शूटिंग शुरु कर दी हैं।

कंगना ने सोशल मीडिया पर वैनिटी वैन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें फिल्म के सीन के लिए तैयार होते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अपनी टीम के साथ अपकमिंग फिल्म चंद्रमुखी 2 के सेट पर वापसी। हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं।

इससे पहले एक्ट्रेस ने शेयर किया था कि वह चंद्रमुखी 2 के लिए क्लाइमैक्स सॉन्ग के लिए र्हिसल कर रही थी। इसे कला मास्टरजी द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है, जिसमें गोल्डन ग्लोब अवार्ड विनर एम.एम. कीरावनी द्वारा कंपोज किया गया। चंद्रमुखी का वरई सॉन्ग एक बड़ा हिट है। फैंस कंगना से भी यही उम्मीद कर रहे हैं।

चंद्रमुखी 2 रजनीकांत की लोकप्रिय फिल्म चंद्रमुखी का सीक्वल है। जहां कंगना सीक्वल में एक नर्तकी की मुख्य भूमिका निभाएंगी, वहीं राघव लॉरेंस फिल्म में पुरुष प्रधान भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म पी. वासु द्वारा निर्देशित और लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। चंद्रमुखी 2 साल 2005 में आई तमिल फिल्म चंद्रमुखी का सीक्वल है। इसमें रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। चंद्रमुखी 2 का निर्माण लाइका फिल्म्स के बैनर तले किया जाएगा। खबरों की मानें तो फिल्म में कंगना एक विश्व प्रसिद्ध डांसर की भूमिका अदा करेंगी।

## रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को मिला बेशुमार प्यार

रानी मुखर्जी इन दिनों अपनी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। 17 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही हैं। इसके लिए अभिनेत्री को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा, जो उन्हें अपने अब तक के करियर के दौरान कभी नहीं मिला था। ऐसे में इस प्यार की वजह से रानी भावुक हो गई हैं।मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के ट्रेलर को मिले शानदार रिस्पॉन्स पर अब रानी ने प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, मैं दुनियाभर के प्रशंसकों, सहयोगियों, दोस्तों से मिल रहे प्यार को देखकर बहुक भावुक हूं। यह मेरे फिल्मी करियर में पहली बार हुआ है, जब लोग मेरे काम को इतना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे पहले मुझे फिल्म ब्लैक के लिए इस तरह का रिस्पांस लोगों से मिला था।

इसके आगे रानी ने कहा, किसी ट्रेलर को इस तरह की शानदार प्रतिक्रिया मिलना बहुत ही कम होता है और सिर्फ ट्रेलर देखने के बाद लोगों की आंखों में आंसू आ जाए, यह पहले कभी नहीं सुना। वह आगे कहती हैं, कहीं न कहीं लोग एक मां की मजबूरी से जुड़ रहे हैं और उसके साथ हुए अन्याय से नाराज हैं। इस तरह की प्रतिक्रियाएं मैं पहली बार देख रही हूं, जो बहुत अच्छी हैं।अभिनेत्री ने कहा, मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि अगर ट्रेलर लोगों को इस हद तक ले जा सकता है, तो वे निश्चित रूप से फिल्म में देबिका की यात्रा को देखकर प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा, मैं 17 मार्च को थिएटर में फिल्म की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इसे हर जगह सभी के प्यार की जरूरत है, इसलिए उम्मीद और प्रार्थना कर रही हूं कि इसे बड़ी संख्या में दर्शक देखने के लिए पहुंचे।आशिमा छिब्बर के निर्देशन में बनी मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म में एक मां के संघर्ष की कहानी दिखने को मिलेगी, जो नॉर्वे में अपने बच्चों और पति के साथ रहती है, लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि वह अपने बच्चों की खातिर पूरे देश के खिलाफ लड़ाई लड़ती है। फिल्म में रानी के अलावा अनिर्बान भट्टाचार्य, नीना गुप्ता और जिम सरभ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com